रांची, सोमवार, 30 दिसंबर 2024

संवत 2081, पौष कृष्ण 15- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 114 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▶▶ बुद्धि : ज्ञान का उपकरण

श्रद्धा दास ने थाई स्लिट ड्रेस पहनकर दिए स्टनिंग पोज ◀◀ 6


धनबाद के केंदुआडीह की घटना

# ट्रक के ड्राइवर और खलासी को अपराधियों ने मारी गोली, गंभीर

- अपराधियों ने पहले मांगा तंबाकू, मना करने पर मार दी गोली

एजेंसी

**धनबाद :** अपराधियों ने केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गोधर पंप के पास एक ट्रक के ड्राइवर और खलासी को गोली मार दी। यह घटना सोमवार सुबह की है। इस घटना में ड्राइवर और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गये । ड्राइवर की पहचान उमा शंकर सिंह और खलासी की पहचान नीतीश कुमार के रूप में हुई है। दोनों घायलों को धनबाद के



शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

फायरिंग की इस घटना में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि अपराधियों ने ड्राइवर और खलासी से तंबाकू की मांग की, मना करने पर अपराधियों ने दोनों पर फायरिंग कर दी। ड्राइवर उमा शंकर सिंह ने बताया कि केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गोधर पेट्रोल पंप के समीप उनका ट्रक खड़ा था। बगल में ही कुसुंडा कोलियरी है। जहां ट्रक में कोयला लोडिंग के लिए जाना था।

हम ट्रक में ही थे तभी सुबह करीब पांच बजे तीन लोग पहुंचे और हमसे तंबाकू मांगा। इस पर उन्होंने कहा कि हमारे पास तंबाकू नहीं है। उसके बाद वे गाली गलौज करने लगे। इतने में पटाखा की तरह एक आवाज सुनाई दी, जिसके बाद हम नीचे उतरे और कुछ दूर तक गए फिर वापस ट्रक के पास आ ही रहे थे कि अपराधियों ने हम पर फायरिंग कर दी, जिसमें दो गोली पैर में और दो गोली हाथ में लगी है। वहीं, पहले जो पटाखे की आवाज सुनाई दी थी, उसमें खलासी नीतीश कुमार सिंह को गोली मारी गई थी। नीतीश को दो गोली लगी है।

कोयला लोड कर ट्रक बिहार के बक्सर जा रहा था: ट्रक ड्राइवर कुसुंडा कोलियरी से कोयला लोड कर बिहार के बक्सर जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही केंदुआडीह पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गयी है। धनबाद में हाल ही में इस तरह की घटनाएं बढ़ी हैं। इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश है।

## दर्दनाक हादसा : यात्रियों से भरा ट्रक नदी में गिरा, 60 की मौत

शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे सभी



एजेंसी

**अदीस अबाबा :** अफ्रीकी देश इथियोपिया में बड़ा हादसा हुआ है। यहां यात्रियों से भरा एक ट्रक नदी में जा गिरा। हादसे में 60 लोगों की जान गई है। दक्षिणी सिदामा क्षेत्र के अधिकारियों के मुताबिक यह भीषण हादसा बोना जिले में हुआ है। क्षेत्रीय संचार ब्यूरो ने रविवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि हादसे में घायल लोगों का बोना जनरल अस्पताल में इलाज चल रहा है। सरकारी इथियोपियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने मुताबिक सभी लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। बता दें कि इथियोपिया में भीषण सड़क दुर्घटनाएं आम हैं। खराब ड्राइविंग मानक और खस्ताहाल वाहन यहां सुरक्षित यातायात के मार्ग पर सबसे बड़े बाधक हैं। करीब छह साल पहले 2018 में भी इथियोपिया में एक बड़ा हादसा हुआ था। इस हादसे में छात्रों से भरी एक बस खड्डे में जा गिरी थी, जिसमें 38 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी।

# पंजाब बंद का दिखने लगा असर, रेल, सड़क यातायात ठप्प

- दिल्ली से कटा जम्मू का संपर्क, लुधियाना, फगवाड़ा और जालंधर में हाईवे जाम, यात्री परेशान

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित कुल 13 मांगों को लेकर पिछले 35 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) गैर राजनीतिक और विभिन्न किसान संगठनों के पंजाब बंद के आह्वान पर सोमवार को राज्य भर में किसानों ने रेलवे लाईनों और प्रमुख सड़क चौराहों पर धरना लगाकर रेल और सड़क यातायात बंद कर दिया। यह बंद सुबह सात बजे से लेकर शाम चार बजे तक जारी रहेगा। इस दौरान पंजाब में रेल सेवाएं प्रभावित रहेंगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय रेलवे ने वंदे भारत ट्रेन सहित कुल 106 ट्रेनों को या तो रद्द कर दिया है अन्यथा उनका सफर निर्धारित जगह से पहले ही खत?म कर दिया गया है। पंजाब बंद के दौरान दिल?ली चंडीगढ़ रूट पर बस सेवा भी प्रभावित रहेगी।

किसान नेता सरबन सिंह पंधेर ने कहा कि पंजाब बंद के दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी। इसके अलावा किसी शादी समारोह में जाने वाले ०?यक्ति एवं परिवार को नहीं रोका जाएगा। साथ ही एयरपोर्ट पर जाने वाले लोगों को भी परेशान नहीं किया जाएगा। दुकानें, गैस स्टेशन, पैट्रोल पंप, सब्जी मंडियां, दूध की सप्लाई बंद रखी जाएगी। पंजाब में सर्दी की छुट्टी के चलते पहले ही स?कूल बंद है। पंजाब यूनिवर्सिटी ने बंद के चलते परीक्षाओं को सोमवार की जगह मंगलवार को कराने का निर्णय लिया है। बस सेवाओं से जुड़े संगठनों की तरफ से बताया गया है कि सोमवार शाम चार बजे के बाद सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी। खनौरी में किसान नेताओं ने कहा कि वे गांधीवादी तरीके से अपना विरोध जारी रखेंगे। अब यह सरकार पर है कि वो उनके वरिष्ठ नेता डल्लेवाल को हटाने के लिए बल प्रयोग करना चाहती है या नहीं। पंजाब सरकार के अधिकारियों की एक उच्च-स्तरीय टीम ने रविवार को खनौरी सीमा स्थल पर डल्लेवाल से मुलाकात की थी। इस टीम में पुलिस के डीआईजी मंदीप सिंह सिद्धू और रिटायर्ड एडिशनल डीजीपी जसकरण सिंह भी शामिल थे। बाद में किसान नेताओं ने कहा कि डल्लेवाल ने कोई भी चिकित्सा सहायता लेने से इनकार कर दिया है।

विभिन्न किसान संगठनों के पंजाब बंदके आह्वान के कारण उत्तर रेलवे ने सोमवार को पंजाब में 106 मेल, एक्सप्रेस या सुपरफास्ट ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि अधिकांश ट्रेनें सोमवार को केवल अंबाला और दिल्ली या सहारनपुर की ओर से ही चलेंगी। इस बीच आज सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक सड़क और रेल यातायात स्थगित रहेगा क्योंकि इस दौरान पीआरटीसी सहित बस ऑपरेटर और टैक्सियां ??भी नहीं चलेंगी। सब्जी मंडियां, अनाज मंडियां और अन्य व्यावसायिक दुकानें भी नौ घंटे के लिए बंद रहेंगी।

# 184 रनों से मेलबर्न टेस्ट हारा भारत ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 2-1 से आगे

**340 रनों का पीछा करती हुई टीम इंडिया 155 रनों पर सिमट गयी**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मेलबर्न टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रनों से हारकर 5 मैच की बॉर्डर गावस्कर टेस्ट सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। जीत के लिए मेजबानों ने भारत के आगे 340 रनों का टारगेट रखा था, इस स्कोर के आगे टीम इंडिया 155 रनों पर सिमट गई। भारत के लिए यशस्वी जायसवाल ने 208 गेंदों पर 84 रनों की पारी खेली, मगर थर्ड अंपायर के विवादित फैसले के चलते उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। स्निको मिटर में कोई हलचल हुए बिना थर्ड अंपायर ने उन्हें आउट दिया। जायसवाल के अलावा कोई भारतीय बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। दूसरे सेशन तक भारत ने सिर्फ तीन ही विकेट खोए थे, आखिरी सेशन में कंगारुओं ने 7 विकेट लेकर मैच पूरी तरह से पलट कर रख दिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए 474 रन बनाए थे, जिसके जवाब में टीम इंडिया 369 रनों पर ढेर हो गई थी। 105 रनों की बढ़त के साथ ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 234 रन बनाए थे। भारत को पहला झटका कप्तान रोहित शर्मा के रूप में लगा जो 9 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने एक ही ओवर में रोहित के बाद केएल राहुल को भी आउट किया। 33 के स्कोर पर भारत को तीसरा झटका विराट



कोहली के रूप में लगा जिन्हें मिचेल स्टार्क ने 5 के निजी स्कोर पर पवेलियन का रास्ता दिखाया।

# बैंक में पैसा जमा करने आये व्यक्ति से लूट का प्रयास, एक को मारी गोली

**आईसीआईसीआई बैंक में 13 लाख रूपये जमा करने आया था व्यक्ति**

मेट्रो रेज

**रांची :** बैंक में 13 लाख रूपया जमा करने जा रहे व्यक्ति से अपराधियों ने लूट का प्रयास किया। वहीं पीड़ित व्यक्ति को बचाने आये एक व्यक्ति को अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल व्यक्ति का नाम सुमित कुमार है। यह घटना सोमवार दोपहर की है। घटना पंडरा ओपी क्षेत्र स्थित ओटीसी ग्राउंड के पास हुई है। जहां आईसीआईसीआई बैंक में पैसा जमा करने जा रहे व्यक्ति को बाइक सवार अपराधियों ने लूटने का प्रयास किया। इसी दौरान मौके पर मौजूद एक व्यक्ति सुमित कुमार बचाने के लिए आया, तो अपराधियों ने उस गोली चला दी। जिसमें सुमित को गोली लग गई



और वो गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आनन-फानन में मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बीपीएससी परीक्षा रद्द करने का मामला : गर्वनर से मिले पप्पू यादव ,राज्यपाल ने बीपीएससी अध्यक्ष से की बात

एजेंसी

**पटना :** 70वीं बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे अभ्यर्थी रविवार को सीएम हाउस का घेराव करने पटना की सड़कों पर उतरे तो पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। बिहार का सियासी पारा भी इससे चढ़ा हुआ है। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने सोमवार को बिहार के राज्यपाल से मुलाकात की। पप्पू यादव ने मीडिया को इसकी जानकारी दी और बताया कि पटना के डीएम और एसपी को वो बुलाएंगे और पूछेंगे कि लाठीचार्ज



करने की नौबत क्यों आयी। वहीं बीपीएससी अध्यक्ष से राज्यपाल की क्या बात हुई, यह भी पप्पू यादव ने बताया है।

**राज्यपाल से मिले पप्पू यादव:** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने राज्यपाल से मुलाकात करने के बाद मीडिया को बताया कि राज्यपाल ने मेरे सामने बीपीएससी से बातचीत की। लंबी बात चली और सटीक मुद्दे पर बात हुई है। पप्पू यादव ने कहा कि मैंने उनसे कहा कि छात्रों पर केस क्यों हुआ और लाठी क्यों चली? जिसपर राज्यपाल ने कहा है कि इसकी जांच होगी और मुख्यमंत्री से भी वो बात करेंगे। बीपीएससी अध्यक्ष को भी राज्यपाल ने बुलाया है।

**प्रशांत किशोर पर पटना में बीपीएससी उम्मीदवारों को धमकाने का आरोप :** पप्पू यादव ने कहा कि बीपीएससी अध्यक्ष का कहना था कि कोई गेलीगेट उनसे मिलने आने वाला था। वहीं पप्पू यादव ने प्रशांत किशोर पर जमकर हमला किया। मीडिया से बातचीत में उन्होनें कहा- इस आंदोलन को एक फ्रॉड किशोर ने बेच दिया। पदाधिकारी के साथ पैसे का सांठगांठ किया और सरकार के साथ मिलकर इस आंदोलन को बेच दिया।

**अभ्यर्थियों पर रविवार को हुआ लाठीचार्ज:** बता दें कि पिछले कुछ दिनों से बीपीएससी पीटी रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे हैं। रविवार को प्रशांत किशोर गांधी मैदान में छात्रों के साथ जुटे और सीएम हाउस का घेराव करने निकल गए। पुलिस ने छात्रों को रोकने का प्रयास किया लेकिन वो नहीं माने तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया और वाटर कैनन से पानी की बौछार भी की। इसमें कई छात्र जख्मी हुए हैं।

# तालिबानी फरमान : अब खिड़की से भी नहीं झांक सकेंगी महिलाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली :** तालिबान ने महिलाओं के लिए नया फरमान जारी किया है। जिसके अनुसार उनकी पढ़ाई-लिखाई से लेकर काम करने, पहनने, बाजार जाने जैसे आम चीजें भी सिमटकर केवल घर तक रह गई हैं और अब तो तालिबानी शासन उन?हें घर की चार-दिवारी में इस तरह कैद करना चाहता है कि उनके लिए खुली हवा का झरोखा भी



### सार्वजनिक स्थानों से गायब हुईं महिलाएं

अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से महिलाओं की सार्वजनिक मौजूदगी लगभग खत्म हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र ने भी तालिबान प्रशासन की इस लिंग भेद वाली व्यवस्था की निंदा की है। तालिबानी शासन में लड़कियां प्राथमिक शिक्षा के बाद ना तो पढ़ सकती हैं, ना कोई नौकरी-रोजगार कर सकती हैं ना तो पार्क जैसे किसी भी सार्वजनिक स्थान पर जा सकती हैं। उन्हें हर समय अपने शरीर को कवर करके रखना होता है। यहां तक कि महिलाओं की आवाज पर भी पर्दा लगा दिया गया है। कुछ स्थानीय रेडियो और टेलीविजन स्टेशनों ने महिला आवाजों का प्रसारण बंद कर दिया है। वे ना गा सकती हैं, ना कविता पढ़ सकती हैं।

ना बचे।

तालिबान ने एक नया फरमान जारी करते हुए उन इमारतों में खिड़कियां बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया है, जहां महिलाएं रहती हैं। या जहां से उनके नजर आने की संभावना हो। इसके पीछे तालिबान के सर्वोच्च नेता ने अश्लील कृत्यों की संभावना का हवाला देते हुए अफगान महिलाओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले क्षेत्रों की ओर खिड़कियां बनाने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। तालिबान के सर्वोच्च नेता ने यह आदेश जारी किया और नगरपालिका अधिकारियों को इसका अनुपालन सुनिश्चित करने का काम सौंपा है। साथ ही यह भी कहा है कि आवासीय इलाकों में अभी महिलाओं के उपयोग वाले क्षेत्रों में जहां कहीं भी कोई खिड़की है उसे भी बंद कर दिया जाए।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी किए गए बयान के अनुसार, नई इमारतों में खिड़कियां नहीं होनी चाहिए, जिसके माध्यम से आंगन, रसोई, पड़ोसियों के कुएं और आमतौर पर महिलाओं द्वारा उपयोग की जाने वाली अन्य जगहों को देखना संभव हो। यानी ना तो महिलाएं बाहर देख सकें और ना ही कोई और उन्हें देख सके। इस आदेश के अनुसार नगर निगम अधिकारियों और अन्य संबंधित विभागों को निर्माण स्थलों की निगरानी करनी होगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पड़ोसियों के घर में भी देखना संभव ना हो सके। यदि अभी ऐसी कोई व्यवस्था है कि किसी के घर से पड़ोस के घर का अंदरूनी हिस्सा नजर आ रहा हो तो वहां दीवार उठा दी जाए। ताकि पड़ोसियों के कारण होने वाले उपद्रवों से निजात पाई जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### आग तापते समय 69 वर्षीय महिला झुलसी

**धनबाद:** ठंड बढ़ने के साथ ही जलने की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। शनिवार की रात बलियापुर की 69 वर्षीय महिला आग तापने के दौरान जल गई। उसे धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। इमरजेंसी में प्राथमिक इलाज के बाद परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र ले गए। डॉक्टर के अनुसार महिला 30 फीसदी जल गई है। परिजनों ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद महिला बोरसी से आग ताप रही थी। इसी दौरान उसके कपड़े में आग लग गई। महिला की चीख सुनकर परिजन पहुंचे और आग बुझाई। इसके बाद उसे अस्पताल लाया गया।

### एचईसी की अतिक्रमित जमीन पर जिला प्रशासन का चला बुलडोजर



**रांची :** रांची के बिरसा चौक से हरमू जाने वाले बायपास रोड पर रविवार को अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। रांची जिला प्रशासन और एचईसी टीए डिवीजन ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। टीम ने बायपास रोड के किनारे 15 फीट तक अतिक्रमित जमीन पर बने दुकानों, गैरेज और बाउंड्री पर बुलडोजर चलाया। बता दें कि पिछले दिनों सीएम हेमंत सोरेन ने रांची को अतिक्रमण मुक्त बनाने की बात कही थी। पहले सड़क किनारे, फिर अवैध कॉलोनियों पर चलेगा अभियान मौके पर अरगोड़ा सीओ सुमन सौरभ ने कहा कि आगे भी आदेश के अनुसार अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जायेगा। वहीं एचईसी टीए डिवीजन की टीम ने कहा कि लएउ के अतिक्रमण वाले क्षेत्र को भी मुक्त करवाया जायेगा। शुरूआत रोड के किनारे से हुई है। बाद में अवैध कॉलोनी में भी अभियान चलेगा।

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने तेनुघाट में मकर संक्रान्ति मेले का किया उद्घाटन



बोकारो : राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने तेनुघाट डैम के पास प्रत्येक वर्ष लगने वाले मकर संक्रांति मेले का रविवार को उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि तेनुघाट को संवारनेझ्रसजाने के लिए वह शुरू से ही प्रयासरत रहे है। मंत्री बनने के बाद अब वह इसे प्रमुखता के साथ करेंगे। बहुत जल्द तेनुघाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि 2014 में जब तेनुघाट पूर्ण रूप से अंधकार में डूबा पड़ा था तब मैने ही रोशन करने का काम किया था। मौके पर जिला परिषद सदस्य माला कुमारी, मुखिया नीलम श्रीवास्तव, पूर्व मुखिया रेखा सिन्हा, रमेंद्र कुमार सिन्हा, संतोष श्रीवास्तव उर्फ मुन्ना, नारायण प्रजापति, गोपाल विश्वनाथन, दीपक कुमार, राजन नायक, संजय शर्मा, कुलदीप प्रजापति, मिथुन चंद्रवंशी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### सब्जी के दामों में आयी कमी



मुरीः सिल्ली मुरी सब्जी बाजार में सब्जी के दामों में कमी से सब्जी में स्वाद नहीं मिल रहा है जब फूल गोभी 40 रुपए प्रति किलो बिक रहा था तो ग्राहक जेब टटोल रहे थे अब जब वही फूल गोभी 10 रुपये में दो किलो मिल रहा है तो गोभी का स्वाद खत्म हो गया है। किसान बेचारे ग्राहकों को बुला- बुला सब्जी दे रहे हैं मगर ग्राहक उन्हें को भाव नहीं दे रहे थे। टमाटर आज 15 रुपये से 20 रुपए प्रति किलो बिक रहा हैं। मटर 60-70 रुपये किलो,आलू नया 20 रुपए बिक रहा है। पालक,बथुआ,मेथी 10 रुपए किलो बाजार में धड़ल्ले से बिक रहा है। किसानों को लागत भी नहीं मिल रही है।

### वाहन चेकिंग सह जागरूकता अभियान



मुरीः वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर सिल्ली थाना द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे वाहनों के बिना हेलमेट, कागजो की जांच की गई।चार चक्के वाहन की डिक्की भी जांच किया गया। जांच अभियान के बाद दो मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने जनता से अपील की है कि लोग स्वेच्छा से जागरूकता का परिचय दे,अच्छे नागरिक बने। हेलमेट पहन कर गाड़ी चलाए, ताकि दुर्घटना को रोका जा सके। शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाए। स्पीड से न चलाएं। ट्रिपल राइडिंग न करें। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# झारखंड लाये गये कैमरून में फंसे 47 में से 11 मजदूर
# राज्य सरकार ने शुरू किया बकाया मजदूरी का भुगतान

## बाकी श्रमिकों की सुरक्षित वापसी के प्रयास जारीः सरकार

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** अफ्रीका के कैमरून में फंसे 47 श्रमिकों में से 11 श्रमिकों को झारखंड लाया गया। मामले में झारखंड सरकार ने बताया कि मध्य अफ्रीका के देश कैमरून में फंसे 47 श्रमिकों में से 11 को राज्य में लाया गया है जबकि बाकी श्रमिकों की सुरक्षित वापसी के प्रयास जारी हैं।

बता दें कि यह घटनाक्रम उस समय हुआ, जब राज्य सरकार ने मुंबई स्थित एक कंपनी और कुछ बिचौलियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इन पर आरोप था कि उन्होंने इन श्रमिकों को मजदूरी नहीं दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर यह कदम उठाया गया। इसके साथ ही राज्य सरकार ने बताया कि श्रमिकों की सुरक्षित वापसी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और विदेश मंत्रालय को इस बारे में सूचित कर दिया गया है।



मुख्यमंत्री सचिवालय ने जारी किया बयानः आगे की जानकारी के लिए मुख्यमंत्री सचिवालय ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि कैमरून में फंसे झारखंड के 47 श्रमिकों में से 11 को राज्य में लाया गया है और उन्हें श्रम विभाग द्वारा उनके घर भेज दिया गया है। बाकी 36 श्रमिकों की वापसी के प्रयास किए जा रहे हैं।

बकाया मजदूरी का भुगतान शुरूः इसके साथ ही मामले में झारखंड सरकार ने कार्रवाई करते हुए श्रमिकों को उनकी बकाया मजदूरी का भुगतान शुरू कर दिया है। बयान में कहा गया कि कुल 39.77 लाख रुपये की बकाया राशि का भुगतान किया गया है। साथ ही आरोप यह भी है कि इन श्रमिकों को बिना पंजीकरण और लाइसेंस के कैमरून भेजा गया था। मुख्यमंत्री के ध्यान में यह मामला लाने के बाद, राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने श्रमिकों और नियोक्ताओं से संपर्क किया और उनके अनुबंध तथा वेतन विवरण मांगे।

श्रम आयुक्त ने दर्ज कराया था एफआईआरः गौरतलब है कि इस महीने की शुरूआत में श्रम आयुक्त ने सोरेन के निर्देश पर पुलिस स्टेशनों में बिचौलियों और नियोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। श्रमिकों ने शिकायत की थी कि उन्हें तीन महीने से वेतन नहीं मिला था।

वैश्य मोर्चा, केंद्रीय समिति की बैठक

# लड़ने के लिए प्रशिक्षण जरूरीः महेश्वर साहु

## 18 जनवरी को पतरातू में प्रशिक्षण शिविर सह मिलन समारोह का निर्णय

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा आज कांके सुकुरहुट्टू स्थित कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु के आवासीय परिसर में केंद्रीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता ने किया। यह बैठक आगामी कार्यक्रम एवं रणनीति के मुद्दे पर रखी गयी थी। बैठक में काफी चर्चा के पाश्चात्य निर्णय लिया गया कि 18 जनवरी को पतरातू डैम में केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर सह परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में तीन सौ प्रतिनिधियों के अलावा पूरे प्रदेश से 50 प्रमुख बुद्धिजीवी एवं वैश्य नेताओं को आमंत्रित किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जल्द ही तैयारी समिति गठित किया जायेगा।

इस अवसर पर बैठक को



संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि किसी भी तरह की लड़ाई लड़ने से पहले सीखना और तैयारी करना जरूरी है। वैश्य मोर्चा राज्य की 40% आबादी की अगुवाई करती है और समाज को वैश्य मोर्चा से काफी उम्मीदें हैं, हमें समाज की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए काम करना होगा। इसलिए प्रशिक्षण जरूरी है।

बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर हजारीबाग में अनीता कुमारी को जला कर मार देने की घटना की कड़ी निंदा की गयी और तय किया गया कि 31 दिसंबर को वैश्य मोर्चा का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग जाकर स्व। अनीता कुमारी के परिवार वालों से मिलेगा। फिर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एवं अनीता कुमारी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, सुरेश साहु, अश्विनी कुमार साहु, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता सहदेव चौधरी, उप-प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता, उपेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव दिलीप कुमार, कपिल प्रसाद साहु, शिव प्रसाद साहु, संगठन महासचिव कृष्णा साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, राजेन्द्र साहु, संगठन सचिव चतुर साहु, केंद्रीय सदस्य डॉ। अरविंद कुमार, नरेश साहु, ह्रदय प्रसाद साहु, जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहु (रांची), बसंत प्रसाद साहु (रामगढ़), महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणू देवी, कार्यकारी अध्यक्ष दीपारानी कुंज, महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहु, सचिव आदित्य पोद्दार, राजन चौधरी, विनोद कुमार व अन्य उपस्थित थे।

### जगरनाथपुर बस्ती में विधिक जागरूकता शिविर



**रांची :** धुर्वा स्थित जगरनाथपुर बस्ती में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। झालसा के निर्देश पर 90 दिवसीय जागरुकता और आउट रिच कैंपेन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा शिविर लगाया गया। इसका मार्गदर्शन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची ने किया। सहायक एलएडीसी रांची शिवानी सिंह ने नालसा असंगठित मजदूर के लिए विधिक सेवा योजना पर प्रकाश डालते हुए असंगठित क्षेत्र के मजदूर के निबंधन के संबंध में जानकारी दी। शिवानी ने मजदूरों को निबंधन करने के बाद मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। साथ ही नालसा ने बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2015 के संबंध में विस्तार से बताया। बाल विवाह, बाल श्रम, डायन प्रथा आदि कुप्रथाओं की रोकथाम व उन्मूलन के बारे में भी जानकारी दी। डालसा से मिलने वाले निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी और सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया बताई। उपस्थित लोगों के बीच पीएलबी ने नालसा की योजना से संबंधित पंप्लेट व पुस्तिका का वितरण किया। मौके पर पिंकू कुमारी, संगीता देवी, सूरज मुंडा, अरविंद कुमार, पीएलबी व डीएलएसए रांची मौजूद थे।

### ईसीएल के वीटी पंप पर लुटेरों का धावा, गार्डों को बंधक बना ले भागे दो राइफल व गोली



**धनबाद :** निरसा थाना क्षेत्र के हाथबाड़ी मोड़ स्थित ईसीएल के वीटी पंप पर रात में लुटेरों ने धावा बोल दिया। 25-30 की संख्या में पहुंचे आपराधियों ने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाकर लूटपाट की। दो सुरक्षा कर्मियों सरजू यादव व तूफानी राय की राइफलें व करीब 30 गोलियां भी छीन ली। इसके बाद ट्रांसफार्मर को खोलकर उसका कॉपर व लोहा निकाल लिया। सर्विस लाइन में लगे केबल भी काट ले गए। रविवार की सुबह करीब 6 बजे ईसीएल की सुरक्षा टीम ने पंप पहुंचकर कमरे में बंद सुरक्षा कर्मियों को बाहर निकाला।

निरसा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। ईसीएल के अधिकारी भी वीटी पंप पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि यह पहली घटना है जब अपराधियों ने सुरक्षा कर्मियों के हथियार भी लूट ले गए। ज्ञात हो कि निरसा विधानसभा क्षेत्र में पिछले एक माह के अंदर मुगमा, सासनबेडिया, मनमन कोलियरी, वीटी पंप समेत अन्य स्थानों पर 20 से ज्यादा चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस चोरों को पकड़ने में अब तक नाकाम रही है।

# दो शोरूम में अपराधियों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, बाल-बाल बचे सुरक्षा गार्ड, जाचं में जुटी पुलिस

## अपराधियों ने दहशत फैलाने के मकसद से शोरूम में की गोलीबारी

मेट्रो रेज संवाददाता

**खूंटी :** अपराधियों ने रविवार देर रात खूंटी स्थित दो शोरूम में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है। गोलीबारी की इस घटना में सुरक्षा गार्ड बाल-बाल बच गये। यह घटना खूंटी थाना क्षेत्र के शहर स्थित गायत्री नगर में हुई है। अपराधियों ने दहशत फैलाने के मकसद से शोरूम में गोलीबारी की। अपराधी फायरिंग कर मौके पर से फरार हो गये,हालांकि गोलीबारी की इस घटना से किसी को नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि एक शोरूम के बाहर फायरिंग के कारण शोरूम का कांच का दरवाजा टूट कर गिरा घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अपराधियों ने टायर शोरूम और कार सर्विसिंग व एसेसरीज के शोरूम में फायरिंग की। फायरिंग के दौरान तैनात सिक्योरिटी गार्ड परमेश्वर मुंडा बाल-बाल बच गये। उन्होंने भाग कर अपनी जान बचाई। फायरिंग के कारण शोरूम का कांच का दरवाजा टूटकर गिर गया। यहां अपराधियों ने एक- एक कर तीन राउंड फायरिंग की।

# जमीन संबंधी बाध्यता शिथिल करने जा रही है सरकार : राम दास सोरेन

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** झारखण्ड सरकार गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रति निःशुल्क बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2019 के प्रति बहुत जल्द कुछ बिंदुओं पर नियमों को शिथिल करने जा रही है। हेमन्त सरकार किसी भी यू डायस कोड प्राप्त विद्यालय को बन्द नहीं करने जा रही है। उक्त बातें झारखण्ड के शिक्षा मंत्री राम दास सोरेन ने एक प्रतिनिधि मंडल को कहा। आज झारखण्ड के गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय के 12 संगठन की एक विशाल बैठक डॉ राम दयाल मुंडा पार्क पर आरटीई 2019 के बदले नियमों के अंतर्गत विद्यालय को मान्यता के लिये 15 जनवरी तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के लिए दबाव दिया जा रहा है। इसके विरुद्ध में निजी विद्यालयों के संचालक, अध्यक्ष, महासचिव, प्राचार्य की सामूहिक बैठक अरविंद कुमार, अध्यक्ष, झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन ने किया, मंच का संचालन मसूद कच्छी, महासचिव, प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन ने किया, बैठक में यह निर्णय लिया गया कि (1) सभी गैर



मान्यता विद्यालयों को आधार भूत संरचना के आधार पर दिया जाय, जमीन की बाध्यता को पूर्ण रूप से विलुप्त किया जाय।

(2) जिन विद्यालय को यू डायस नहीं मिला है उन सभी को मान्यता दिया जाय।

(3) आदिवासी जमीन को 30 वर्षों का लीज करने के लिए राज्य सरकार शिक्षा विभाग के माध्यम से सभी जिलों को निर्देश दे।

(4) 1 लाख सिक्युरिटी राशि और 25 हजार का चालान राशि को कम किया जाय।

इस बैठक में राँची, चतरा, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, कोडरमा, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, सिमडेगा, देवघर, पलामू, के प्रतिनिधि शामिल थे जबकि वक्ता में तौफीक कोडरमा, मुमताज अंसारी, चतरा, बी एस पी बर्नवाल, मोजहिद्दुल इस्लाम, आलोक बिपिन टोप्पो, असुंता लकड़ा, रणधीर कौशिक, अमीन अंसारी, उस्मान , सैयद अंसारुल्लाह, विद्या गौतम, अजय शंकर, प्रदीप सिन्हा, मजीद अंसारी, सुभाष कुमार अरविंद प्रसाद, रॉबर्ट कुमार, प्रीतम, मुकेश सिंह, साजिद खान, सहित कई लोग रहे। बैठक के बाद शिक्षा मंत्री के आवास में सभी लोग गए और प्रतिनिधि मंडल मिला। मंत्री आवास से निकल कर वहीं एक बैठक किया गया और सभी निजी स्कूलों के एसोसिएशन सर्वसम्मति से एक फॉरम बनाये जिसका नाम झारखण्ड निजी विद्यालय संचालन समिति रखा गया, जिसके अध्यक्ष अरविंद कुमार को बनाया गया।

## नए साल को लेकर देर रात चला एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

# बार, रेस्टोरेंट व वाहनों की हुई जांच

संवाददात




**रांची:** नए साल को लेकर राजधानी रांची में रविवार की देर रात एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए और डीएसपी सिल्ली के नेतृत्व में कई थाना की पुलिस ने मेन रोड से लेकर रातु रोड सड़क पर पैदल पेट्रोलिंग किए। इस दौरान बार एंड रेस्टोरेंट से लेकर सड़क पर वाहनों की जांच हुई। इसके अलावा नशा में वाहन चलाने वाले की भी जांच हुई।

गौरतलब है कि नए साल के स्वागत को लेकर पूरे झारखंड में कई कार्यक्रमों का आयोजन होना है। वहीं, साल खत्म होने से पहले पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए पुलिस मुख्यालय के द्वारा राज्य के सभी जिलों में पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं।

झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से सभी जिलों के एसपी को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने जिले के सभी पिकनिक स्पॉट के अलावा शहर के रेस्टोरेंट और होटलों में सुरक्षा के प्रति विशेष रूप से अलर्ट रहें।

## अब 5 फरवरी को होगा रोड रेस का आयोजन



**रांची :** झारखंड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा स्वर्गीय नारायण साहू के घर पर साल के अंत में एक महत्वपूर्ण मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों को सम्मान के तौर पर खाने पर बुलाया गया। 15 अगस्त और 26 जनवरी को जो रोड रेस का आयोजन होता था वह अब सिर्फ स्वर्गीय नारायण साहू की पुण्यतिथि 5 फरवरी पर किया जायेगा। हर साल की भांति इस साल 5 फरवरी 2025 को अरगोड़ा चौक से रोड रेस का आयोजन किया जाएगा और 1 फरवरी से 5 फरवरी तक फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया जाएगा। मीटिंग में शामिल होने वाले पदाधिकारी- अधिकारी शामिल हुए।

### शख्सियत

# स्वस्थ समाज के नवनिर्माण के प्रति समर्पित हैं एचएन सिंह

मेट्रो रेज



**रांची:** एचईसी क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी हरवंश नारायण सिंह (एचएन सिंह) स्वस्थ समाज के नव निर्माण के प्रति समर्पित हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में सदैव सक्रिय रहना श्री सिंह की दिनचर्या में शुमार है।

इसके अलावा धार्मिक-आध्यात्मिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते हुए धर्म-अध्यात्म के प्रति लोगों की अभिरुचि जगाना, धर्म के प्रति आस्थावान बनाना उनकी खासियत है।

विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों से जुड़े श्री सिंह ने अपनी विलक्षण प्रतिभा के बलबूते समाज के बीच एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। वह अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की झारखंड इकाई के संरक्षक एवं रांची महानगर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सचिव हैं।

एचईसी परिसर में अवस्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर सेवा समिति, सेक्टर 2 के सचिव हैं। श्री सिंह धुर्वा बस स्टैंड स्थित श्री राम दरबार मंदिर प्रबंध समिति सहित अन्य धार्मिक संस्थाओं से भी जुड़े हैं। धर्म-आध्यात्म के प्रति उनकी गहरी अभिरुचि और समाज सेवा के प्रति उनका समर्पण प्रेरणा स्त्रोत ही नहीं बल्कि अनुकरणीय भी है।

पीड़ित मानवता की सेवा में वह सदैव समर्पित रहते हैं। समाज के सभी वर्गों के बीच श्री सिंह लोकप्रिय हैं। मृदुभाषी श्री सिंह ने विभिन्न कार्यक्रमों में मानवता की मिसाल पेश की है।

वर्तमान में अस्वस्थता के बावजूद श्री सिंह द्वारा सर्व समाज को एकजुट रखने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की चहुंओर सराहना की जा रही है। श्री सिंह के प्रयासों का ही प्रतिफल है कि काफी संख्या में लोग धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों/आयोजनों से जुड़ने लगे हैं। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और दृढ़ विश्वास अन्य लोगों (श्रद्धालुओं व भक्तों) के लिए प्रेरणादायक है।

श्री सिंह ज्ञान, भक्ति और कर्म को जीवन की सफलता का आधार मानते हैं। उनके मुताबिक मानव जीवन की यात्रा का कोई भी संस्करण ज्ञान, भक्ति और कर्म के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। ज्ञान के बिना भक्ति व कर्म तथा भक्ति के बिना ज्ञान व कर्म की सिद्धि प्राप्ति नहीं हो सकती। वह अपने जीवन के आध्यात्मिक एवं लौकिक पथ पर अग्रसर रहते हुए श्रद्धा भाव से संकल्पित होकर धर्म ध्वज के सच्चे संवाहक की भूमिका निभा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन



**रांची :** शिव शक्ति मेडिसिंस एवं लूपिन डायग्नोस्टिक सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में पिस्कामोड़ स्थित रंगोली स्वीट्स हाउस परिसर में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन हुआ। रांची के जाने-माने सुप्रसिद्ध डॉक्टर आरपी जायसवाल,जेनरल फिजिशियंस (एमबीबीएस एमडी) ने 39 मरीज की सर्दी,बुखार,खांसी शुगर,बीपी,चर्म रोग,छाती रोग से संबंधित बीमारियों की निःशुल्क जांच की साथ ही मौसमी बीमारियों से बचने की सलाह भी दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव शक्ति मेडिसिंस के निदेशक सुमित कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन छात्र क्लब चिकित्सा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकिशोर शर्मा ने किया। मौके पर डॉक्टर जायसवाल ने कहा प्रारंभिक अवस्था में मरीज अपनी बीमारी ना छुपाए,तुरंत नजदीकी डॉक्टर से संपर्क करें,बीमारी को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है सुमित कुमार ने कहा आगे भी सामाजिक दायित्व के तहत फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन होते रहेगा जरूरतमंद लोग शिव शक्ति मेडिसिंस में संपर्क कर सकते हैं वहीं शिव किशोर शर्मा ने शिविर के सफल आयोजन के लिए डॉक्टर एवं वॉलिंटियर्स के प्रति आभार जताई और सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दिए।आज के इस फ्री कैंप को सफल बनाने में मुख्यरूप से दिव्यज्योत,ब्रजेश भारती,पिया बर्मन,वीणाश्री,वर्षा कुमारी,ललिता साव,पीयूष कुमार,संतोष कुमार एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच के अमित कुमार वर्णवाल,पूनम देवी ने सराहनीय भूमिका निभाई।

### गुरुसिंह सभा ने डॉ मनमोहन की याद में की शोकसभा

**रांची :** मेन रोड स्थित गुरुद्वारा में रविवार को गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा के तत्वावधान पर दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की शोकसभा आयोजित की गई। मुख्य रूप से शामिल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह न केवल एक विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थे, बल्कि आज देश में बह रही आर्थिक सुधारों के जनक भी थे। पहले बतौर वित्त मंत्री और उसके बाद प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने देश में गिरती हुई अर्थव्यवस्था को ही नहीं संभाला, बल्कि कई अन्य क्षेत्रों में अभूतपूर्व सुधार कर नई योजनाएं शुरू की। देश में बढते राजस्व घाटे को उन्होंने रोक कर उसमें नई जान फूंकी।

सिख फेडरेशन ने सजाया विशेष दीवानः इस अवसर पर झारखंड सिख फेडरेशन की ओर से विशेष दीवान सजाया गया था। धन्यवाद ज्ञापन अल्पसंख्यक आयोग, के उपाध्यक्ष एवं फेडरेशन के महासचिव ज्योति सिंह मथारु ने दिया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय मनमोहन सिंह ने सूचना, शिक्षा, भोजन का अधिकार, मनरेगा तथा आधार कार्ड जैसे पांच क्रांतिकारी कार्यक्रम शुरू किया। सभा में गगनदीप सेठी, परमजीत सिंह टिंकू ने भी अपने विचार रखा। संचालन प्रो हरविंदर वीर सिंह ने किया। मौके पर फेडरेशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह धूरा, अध्यक्ष गुरुद्वारा गुरमीत सिंह, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, चेयरमैन, युवा आयोग अध्यक्ष कुमार गौरव उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग शमशेर आलम, सतीश पॉल मुंजनी, कमल ठाकुर, विनय सिन्हा दीपू, अरुण चावला हरजीत सिंह स्विंकी, प्रीतपाल सिंह,गोल्डी सिंह, जयदीप चड्ढा, रंजीत सिंह, ऋषि छाबड़ा, त्रिलोचन अकाली, कुलवंत सिंह, राजेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में महिलाएं व अन्य मौजूद थे।

### तीन जनवरी जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा : पुष्कर महतो



**रांची :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान 3 जनवरी को झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस व 1925- 2025 ऑक्सफोर्ड ब्लू खिताब का स्वर्णिम समारोह के रूप में मनाया जाएगा। इस मौके पर अल्बर्ट एक्का चौक से मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम तक बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी गण परंपरागत रूप से नृत्य, गीत, संगीत करते हुए जायेंगे। आंदोलनकारी लाल व हरे रंग का झंडे लिए रहेंगे। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा एवं संयोजक रामनाथ मेहता ने आज चुटिया में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उक्त बातें कहीं।

# डॉ मीनाक्षी सिंह ने न्यू ईयर सेलिब्रेशन का किया मंच संचालन

## केरल के वायनाड में आयोजित कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि हुईं शामिल

मेट्रो रेज





**रांची/वायनाड (केरल):** पुराने साल 2024 को अलविदा कहने और नये वर्ष 2025 के आगमन के पूर्व केरल के वायनाड स्थित व्याथिरि विलेज रिसोर्ट में रविवार (29 दिसंबर) को आयोजित एक भव्य समारोह में रांची की ख्यातिप्राप्त चिकित्सक व पर्यावरणविद् डॉ। मीनाक्षी सिंह ने बतौर विशिष्ट अतिथि भाग लिया। न्यू ईयर सेलिब्रेशन का शुभारंभ करते हुए डॉ।मीनाक्षी ने मंच से श्रोताओं को बहुआयामी प्रतिभा की सुपर सिंगर संचरी सेनगुप्ता का परिचय कराया। डॉ मीनाक्षी ने अनोखे अंदाज में इंडियन आईडल सीजन-13 में प्रसिद्धि प्राप्त गायिका, स्टार जलसा सुपर सिंगर-2020 चैंपियन, पोगो अमेजिंग किड्स अवार्ड 2014, वर्ष 2012 में नेशनल बालश्री सम्मान से सम्मानित और सुप्रसिद्ध भारतीय संगीत निर्देशक मोंटी शर्मा के निर्देशन में गायिकी में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही संगीत के कैरियर में विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित संचरी सेनगुप्ता के बारे में दर्शकों को अवगत कराया। मंच से डॉ मीनाक्षी द्वारा श्रोताओं को सुपर सिंगर का परिचय दिए जाने की अदा भी किसी अनुभवी और परिपक्व कलाकार से कम नहीं लग रही थी।

उनकी सुमधुर वाणी ने भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर काफी संख्या में युवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य शामिल हुए और कार्यक्रम का आनंद उठाया।

# केनरा बैंक अधिकारी संघ ने बांटा कंबल

मेट्रो रेज



**रांची:** केनरा बैंक अधिकारी संघ झारखंड यूनिट ने अपने महासचिव रवि कुमार के मार्गदर्शन में पतरातु के ग्राम दारीडीह, बिरहोर कॉलोनी में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में शैलेश त्रिपाठी, वाइस प्रेसिडेंट ने सभा को संबोधित किया और बताया कि संघ अपने अधिकारियों के लिए तो काम करता ही है। साथ ही अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन करता है। इसी के तहत बिरहोर नामक संरक्षित प्रजाति के सुदूर गांव में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर निधि सिंह, मुखिया, गंगाधर महतो प्रधान, जयप्रकाश सिंह और समाजसेवी धनेश्वर महतो ने भी सभा को संबोधित किया और केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के इस प्रयास को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रविंद सिन्हा, सहायक महासचिव, दीपक कुमार, क्षेत्रीय सचिव, सुशील सिंह, राजेश सिंह, अनुरंजन इक्का, कविता कुजूर, प्रियंका गोयल, अंकिता घोषाल, यादव लाल मुंडा, अमर बाखला, दिलीप, गोविंद महतो , दिनेश सिंकू , रिषभ एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# ...और अचानक धू-धूकर जलने लगी स्कूटी



**रांची :** राजधानी रांची के रातू रोड गौशाला कटिंग के पास आज चलती हुई स्कूटी में अचानक आग लग गई और धू-धू कर स्कूटी जलने लगी। इससे रोड़ पर अफरातफरी का माहौल बन गया।

**क्या है पूरा मामला**

बताया जा रहा है कि गौशाला रातू रोड में बीच सड़क पर चलती गाड़ी (स्कूटी) में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों से स्कूटी धू-धू कर जलने लगी। वहीं, स्कूटी चालक गाड़ी छोड़ खड़े हो कर अपनी गाड़ी को जलते हुए देखता रहा। गनीमत रही कि जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। आशंका जताई जा रही है कि इंजन गर्म होने की वजह से अचानक आग लग गई।

# साल के अंतिम रविवार को एक्वा वर्ल्ड के कार्निवल में उमड़ी भारी भीड़

## जेसीबी से ऊपर जाकर 'ऊंची वाली सेल्फी' का रहा जबरदस्त क्रेज

मेट्रो रेज







**रांची:** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर के कार्निवल में साल के अंतिम रविवार को लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने देर शाम तक विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। कार्निवल में जेसीबी से ' ऊंची वाली सेल्फी' का जबरदस्त क्रेज रहा । लोगों को जेसीबी के बकेट में बैठ कर हवा से 25 फीट ऊपर ले जाकर सेल्फी खींचना था। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए लोगों की लाइन लगी रही।लोगों ने ऊपर जाकर अलग-अलग एंगल से अपनी सेल्फी ली।

कार्निवल का एक और मुख्य आकर्षण' धूम मचा दे ' ग्रुप डांस प्रतियोगिता थी। इसके निर्णायकों में दीपांजलि ग्रुप के डायरेक्टर विपुल नायक, बॉलीवुड हिप हॉप फेम के निर्मल सर, प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना नीतू मैडम, फ्रीस्टाइल और सालसा फेम के प्रवीण सर उपस्थित थे। विभिन्न ग्रुपों ने साकी साकी, मैं नहीं तो कौन रे, बम बम भोले, चांद ढलता नहीं,आदि गीतों पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

आज के कार्यक्रमों की शुरूआत बेस्ट ड्राइंग प्रतियोगिता से हुई। उसके बाद बड़ी दंगल टाइम हुआ। फिर वह स्त्री है - बेस्ट साड़ी कंपटीशन का आयोजन किया गया।जिसमें महिलाओं ने स्टेज पर रैंप वॉक करके अपनी साड़ी की नुमाइश की। सबसे ज्यादा भीड़ चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन में हुआ। यह सभी वर्गों के लिए रखा गया। लोगों को कम समय में ज्यादा से ज्यादा चॉकलेट खाने की चैलेंज था।लोगों ने जमकर इसका आनंद उठाया। शाम 4:00 बजे फॉल आफ शो का आयोजन हुआ। आज फैंसी ड्रेस का भी आयोजन था जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे अलग-अलग वेशभूषा पहन कर आए थे

इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, डिप्टी चेयरपर्सन डॉ विद्या झा,कार्निवल के इंचार्ज लोकेश चौधरी,डिप्टी इंचार्ज अभिषेक गिरी, राहुल शाह देव, आनंद, सौरव, प्रदुम्न, आकाश, आयुष, खुशबू, शगुन, सौम्या,पीयूष, आदित्य, शिवेश, प्रशांत, नितिन, अपराजिता कोमल, तान्या, सान्या एवं कार्निवल आयोजन समिति के तमाम सदस्य उपस्थित थे।

### कार्निवल के परिणाम

ड्राइंग प्रतियोगिता–युवांश,अभिक, अनुष्का, सोमन, वेदांत, आर्यन
दंगल टाइम – नम्रता, विभा, खुशबू
बेस्ट साड़ी कंपटीशन – प्रिया,प्रीति, स्नेहा, विभा, नेहा,
चाकलेट ईटिंग – प्रिया, मिस्त्री, अनंत,
सेल्फी टाइम – सुरुचि
द फॉलो अप शो– काजल,
फैंसी ड्रेस – आयुष्मान, अद्वहिक, आमना, आराध्या, रक्षा, आकांक्षी, अनिका, शांभवी।

कार्निवल में 30 दिसंबर के कार्यक्रम
11 एएम– कार्निवल ओपन
11: एएम – बेस्ट टैटू कंपटीशन
12:00 पीएम – दंगल टाइम
1:30 पीएम – मिस बैगवती( बेस्ट हैंड बैग कंपटीशन)
3:00 पीएम – सेल्फी टाइम
3:30 पीएम –झूठी खाली थी कसम
4:00 पीएम – द फॉलो अप शो
5:00 पीएम –बेस्ट कपल डांस कंपटीशन
5:30 पीएम: मिस ब्यूटीफुल एंड मिस्टर हंक (16 से 25 वर्षों तक के युवक और युवतियों के लिए कैटवॉक कंपटीशन)
7:00 पीएम – बेस्ट आउटफिट कंपटीशन ( थीम ब्लू आउटफिट )
8:00 पीएम – लकी ड्रॉ

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## क्या भारत एक स्वस्थ युवाओं का देश भी है?

**वर्तमान** भारत जिसके विषय में हम गर्व से कहते हैं कि यह एक युवा देश है, क्या हम उसके विषय में यह भी कह सकते हैं कि भारत स्वस्थ युवाओं का देश है? यह प्रश्न अनायास नहीं है अपितु यह प्रश्न उन सर्वेक्षणों के आधार पर है जिनमें हमारे बच्चों में टाइप 2 मधुमेह के बढ़ते मामलों का गम्भीर विषय सामने आया है । कभी वयस्कों में देखी जाने वाली बीमारी मधुमेह अब युवाओं और बच्चों तक को एक बड़ी संख्या में अपनी चपेट में ले चुकी है। विडम्बना यह है कि खान पान की आदतों के कारण होने वाली मधुमेह जैसी बीमारी के ये बढ़ते आँकड़े ऐसे देश में सामने आ रहे हैं जहाँ बचपन की स्वास्थ्य समस्याएँ पहले मुख्य रूप से कुपोषण और संक्रामक रोगों से संबंधित थीं। लेकिन अधिक चिंताजनक विषय यह है कि देश के युवाओं में मधुमेह रोग जिस प्रकार अपने पैर पसार रहा है उसके दूरगामी प्रभाव सिर्फ इन युवाओं के स्वास्थ्य पर ही नहीं बल्कि देश के भविष्य पर भी निश्चित तौर पर पढ़ेंगे। इस विषय में सबसे निराशाजनक पहलू यह है कि देश की युवा पीढ़ी में मधुमेह के बढ़ते मामले आधुनिक जीवनशैली से जुड़े हैं। क्योंकि एक तरफ वर्तमान जीवन शैली के चलते हमारी शारीरिक गतिविधियां सीमित हो रही हैं वहीं दूसरी तरफ डिजिटलाईजेशन के परिणामस्वरूप हमारा स्क्रीन टाइम बढ़ जा रहा है। आज मोबाइल फोन, वीडियो गेम और डिजिटल मनोरंजन के साधन बच्चों के जीवन का मुख्य केंद्र बन गए हैं। इन सब के बीच शारीरिक खेल और बाहरी गतिविधियाँ बच्चों के जीवन में से कहीं पीछे छूट गई हैं। जैसे-जैसे तकनीक अधिक सुलभ होती जा रही है, बच्चे स्क्रीन के सामने अधिक समय व्यतीत रहे हैं और दौड़ने या खेल में कम समय बिता रहे हैं। यह वाकई में चिंताजनक है कि जीवन शैली का यह बदलाव सिर्फ.बच्चों के समय बिताने के तरीके को ही नहीं बदल रहा है बल्कि यह उनके स्वास्थ पर भी प्रतिकूल असर डाल रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की हालिया रिपोर्ट से यह गम्भीर विषय सामने आया है। राष्टीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह पाया गया कि पिछले पाँच वर्षों में 5-14 वर्ष की आयु के बच्चों में टाइप 2 मधुमेह की घटनाओं में 65% की वृद्धि हुई है। इस रिपोर्ट में यह चौंकाने वाली बात भी सामने आई है कि यह वृद्धि केवल शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है बल्कि देश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में भी देखी जा रही है। नेशनल हेल्थ मिशन की इस रिपोर्ट को पढ़ने पर यह विचलित करने वाला तथ्य सामने आया कि ग्रामीण जिलों में, बच्चों में बढ़ते मोटापे के कारण उनमें टाइप 2 मधुमेह होने का खतरा एक से तीन गुना बढ़ गया है। बल्कि वास्तविकता तो यह है कि कई बच्चे अब वयस्क होने से बहुत पहले ही इस बीमारी की शुरूआत (प्री डाइबेटीस) का सामना कर रहे हैं। विभिन्न रिसर्चों के माध्यम से आज यह बात सिद्ध हो चुकी है कि टाइप 2 मधुमेह एक जीवनशैली से जुड़ी बीमारी है। यह तब होती है जब हमारा शरीर इंसुलिन के प्रति प्रतिरोधी हो जाता है या जब अग्न्याशय सामान्य रक्त शर्करा के स्तर को बनाए रखने के लिए पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन करने में असमर्थ होता है। अधिकांश तौर पर यह बीमारी वयस्कों से जुड़ी होती है, लेकिन गतिहीन जीवनशैली, अस्वास्थ्यकर आहार और मोटापे के कारण आज यह बच्चों में भी तेजी से अपने पैर पसार रही है। बच्चों में बाल्यावस्था में ही मधुमेह का बढ़ना चिंताजनक है क्योंकि न सिर्फ यह तात्कालिक स्वास्थ्य सम्बन्धी उलझने पैदा करती है बल्कि इस बीमारी के साथ होने वाली दीर्घकालिक जटिलताओं के कारण हृदय संबंधी समस्याएं, गुर्दे की बीमारी, तंत्रिका क्षति और यहां तक ??कि दृष्टि हानि भी हो सकती है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अनुसार, पिछले दशक में टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित बच्चों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। 2023 में, भारत में अनुमानित 2 मिलियन बच्चे इस बीमारी से पीड़ित थे, और विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले कुछ वर्षों में यह संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाएगी। यह समस्या विशेष रूप से शहरों में अधिक गंभीर है, जहाँ बच्चों के पास चीनी और वसा से भरपूर फास्ट फूड के अनेक विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन के दबाव के कारण उनकी खेल कूद जैसी शारिरिक गतिविधियां न के बराबर होती हो चुकी हैं। परिणामतः जो बच्चे कभी क्रिकेट, फुटबॉल खेलने या अपने दोस्तों के साथ बस इधर-उधर दौड़ने का सपना देखते थे, वे अब इंसुलिन इंजेक्शन, डॉक्टर के पास जाने और आहार प्रतिबंधों की दिनचर्या तक सीमित रह गए हैं। जिन बच्चों को अपने बचपन का आनंद लेना चाहिए, वे जीवन भर की बीमारी से निपटने के भारी बोझ के साथ बड़े हो रहे हैं। माता-पिता के लिए, यह स्थिति और भी ही दुखद है। अपने बच्चों को स्वस्थ और मजबूत होते देखने की खुशी की जगह एक जटिल बीमारी से निपटने की जद्दोजहद ने ले ली है। क्योंकि औसत भारतीय बच्चा आज औसतन 4-5 घंटे प्रतिदिन डिजिटल उपकरणों पर बिताता है। जबकि यह अनुशंसित स्क्रीन समय से काफी अधिक है। क्योंकि वैश्विक स्वास्थ्य दिशानिर्देशों के अनुसार बच्चों के लिए यह समय प्रतिदिन दो घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। मोबाइल फोन, टैबलेट और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग हमारी शारीरिक गतिविधियों को सीमित कर देता है। शारिरिक गतिहीन जीवन शैली के अतिरिक्त आहार की हमारी बदलती आदतें भी इन परिस्थितियों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। पारंपरिक, घर का बना खाना, जो कभी भारतीय परिवारों की पहचान था, आज उसकी जगह फास्ट फूड और पैकेज्ड स्नैक्स ने ले ली है। ये खाद्य पदार्थ न केवल कैलोरी बहुल ??होते हैं बल्कि वसा, शर्करा और लवण जैसे तत्वों से भी भरपूर होते हैं जो मानव शरीर में इंसुलिन के प्रतिरोध और मोटापे को बढ़ाने का अहम कारण हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक रिपोर्ट के अनुसार शहरी क्षेत्रों में लगभग 40% बच्चे नियमित रूप से फास्ट फूड का सेवन कर रहे हैं। गौरतलब है कि बचपन में होने वाले मधुमेह का असर सिर्फ.बच्चों पर ही नहीं पड़ता, बल्कि परिवारों पर, उनके माता पिता पर भी पड़ता है। और कालांतर में युवा रोगियों की बढ़ती संख्या का प्रभाव कहीं न कहीं देश की उन्नति और उसके भविष्य पर भी पड़ता है। लेकिन अच्छी खबर यह है कि मधुमेह, खास तौर पर टाइप 2 मधुमेह को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देकर और शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करके, हम मौजूदा आंकड़ों को पलट सकते हैं। अनेक रिसर्चों में यह बात सिद्ध हो चुकी है कि जिन लोगों ने स्वस्थ आहार विहार और शारीरिक गतिविधियों को अपनी दिनचर्या में शामिल करके अपनी जीवन शैली में बदलाव किया वे काफी हद तक मधुमेह से लड़कर जीते भी हैं। आज जब हम इस संकट का सामना कर रहे हैं तो एक देश के रूप में, एक समाज के रूप में, इस देश के एक जागरूक नागरिक के रूप में,माता पिता के रूप में हमें यह समझना चाहिए कि इस देश के हर बच्चे को स्वस्थ, सक्रिय जीवन जीने का मौका मिलना चाहिए। आइए सुनिश्चित करें कि वे मैदानों में खेलें, दोस्तों के साथ तितलियों के पीछे दौड़ें, अपने बचपन को स्क्रीन के आगे नहीं बाग बगीचों और खुले मैदानों में जिएं ताकि मधुमेह बीमारियों के बोझ से मुक्त होकर बड़े होने का सपना देख सकें और देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकें।

# बुद्धि : ज्ञान का उपकरण

रेने डेकार्ट (1596-1650) प्रतिष्ठित बुद्धिवादी दार्शनिक थे। वे इन्द्रियों से प्राप्त अनुभव को वास्तविक ज्ञान नहीं मानते थे। उनके मतानुसार वास्तविक ज्ञान बुद्धि-प्रत्ययों (कंसेप्ट) से ही संभव है। मनुष्य की बुद्धि को कुछ सत्यों की जानकारी जन्म के साथ ही मिलती है। ऐसा कम या ज्यादा सभी मनुष्यों में होता है। जनचर्चा में इसे गॉड-गिफ्टेड कहा जाता है। डेकार्ट दर्शन में प्रभुत्व और परंपरा के विरोधी थे। उन्होंने दो धारणाओं की स्थापना की। पहली धारणा के अनुसार 'बुद्धि में यथार्थ-ज्ञान प्राप्त करने की अपूर्व क्षमता' है।

**हृदयनारायण दीक्षित**

संसार प्रत्यक्ष है। संसार समझने के लिए प्रकृति-प्रदत्त पाँच इन्द्रियाँ हैं। आँख से देखते हैं, कानों से सुनते हैं। त्वचा से स्पर्श करते हैं। जीभ से स्वाद लेते हैं और नाक से सूंघते हैं। संक्षेप में रूप, रस, गंध, ध्वनि और स्वाद ही संसार समझने के उपकरण हैं। मन को इनका स्वामी बताया गया है। दृश्य पर मन न लगे तो देखना व्यर्थ हो जाता है। गीत-संगीत में मन न लगे तो सुनना बेकार। यही बात सभी इन्द्रियों पर लागू होती है। पढ़ता-सुनता आया हूँ कि इन्द्रियों से प्राप्त सूचना मस्तिष्क तक जाती है। मस्तिष्क निर्णय लेता है। मस्तिष्क में लाखों कोष हैं। इसमें अध्ययन-अनुभव के संग्रह हैं। प्रकृति सुंदर संरचना है। इसके रहस्य जटिल हैं। मनुष्य की आंतरिक संरचना और भी जटिल है। मैं विद्यार्थी की तरह सत्य जानने का प्रयास करता हूँ लेकिन निष्कर्षों के प्रति संशय बना रहता है। जीवन की लम्बाई व गहराई से अनुभव बढ़े हैं। लोभ घटे हैं। यश-लिप्सा बढ़ी है। राग बढ़ा है। द्वेष घटा है। क्या इसका कारण अनुभूतियाँ हैं? इसपर संशय है। मैं इस संशय का कारण जानना चाहता हूँ। प्रत्येक कार्य का कारण होता है। संशय का भी कारण होना चाहिए। संशय के कारण अनेक हैं लेकिन मुख्य कारण सत्य के अनुसंधान में संशय का सदुपयोग करना है। संभवतः बढ़ी उम्र के कारण जीवन-वीणा के सुर गहन हुए हैं। गीत-संगीत आकर्षित करते हैं। संसार के प्रति आसक्ति घटी है। सुखद स्मृतियाँ न सोने देती हैं, न जागने। मन ही मन अपनी ही वाह-वाह करते हैं। कुछ मित्र हमारे लेख की प्रशंसा करते हैं। हम आनंदित होते हैं। इस लिप्सा का कारण समझ में नहीं आता। लाखों बार छपने के बाद भी यह तृष्णा वैसी ही क्यों है? मैं संशयी हूँ। अपना मत प्रसारित करने की इच्छा सब लोगों में होती है।

रेने डेकार्ट (1596-1650) प्रतिष्ठित बुद्धिवादी दार्शनिक थे। वे इन्द्रियों से प्राप्त अनुभव को वास्तविक ज्ञान नहीं मानते थे। उनके मतानुसार वास्तविक ज्ञान बुद्धि-प्रत्ययों (कंसेप्ट) से ही संभव है। मनुष्य की बुद्धि को कुछ सत्यों की जानकारी जन्म के साथ ही मिलती है। ऐसा कम या ज्यादा सभी मनुष्यों में होता है। जनचर्चा में इसे गॉड-गिफ्टेड कहा जाता है। डेकार्ट दर्शन में प्रभुत्व और परंपरा के विरोधी थे। उन्होंने दो धारणाओं की स्थापना की। पहली धारणा के अनुसार 'बुद्धि में यथार्थ-ज्ञान प्राप्त करने की अपूर्व क्षमता' है। दूसरी धारणा के अनुसार 'मनुष्य की बुद्धि में यथार्थ-ज्ञान को अयथार्थ से पृथक करने की कसौटी' भी है। उन्होंने बुद्धि की इन दोनों क्षमताओं को 'बुद्धि का स्वाभाविक प्रकाश' कहा है। डेकार्ट के अनुसार बुद्धि के दो कार्य हैं। उन्होंने पहले को 'इन्ट्यूशन' कहा है। प्रयाग विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग के अध्यक्ष डॉ. जगदीश श्रीवास्तव ने 'इनट्यूशन' को हिन्दी में प्रतिभान कहा है। यह शब्द उचित भी है। भान आंतरिक अनुभव से प्राप्त ज्ञान है। उन्होंने प्रातिभान की परिभाषा भी की है, 'प्रतिभान से हमारा तात्पर्य इन्द्रियों के अस्थिर साक्ष्य से नहीं है और भ्रामक निर्णय से भी नहीं। प्रतिभान-धारणा विशुद्ध और सजग बुद्धि से प्राप्त होती है। तब संशय या अनिश्चितता नहीं रह जाती। उन्होंने बुद्धि का दूसरा कार्य निगमन बताया है।

बुद्धि द्वारा किसी विषय पर खण्डशः विचार-निगमन होता है। यह शुद्ध बुद्धि से ही संभव है। बुद्धि विभिन्न कारणों से दोषपूर्ण भी हो सकती है। अंधविश्वास में बुद्धि शुद्ध नहीं रहती, तब बुद्धि निगमन का कार्य नहीं कर पाती। डेकार्ट के अनुसार बुद्धि को शुद्ध रखना, भ्रमों और पूर्वाग्रहों से मुक्त रखना निगमन के लिए आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने 'सुव्यवस्थित' संशय की जरूरत बताई है कि 'हमें अपने सभी मतों पर तब तक संशय करना चाहिए जब तक हम उनकी प्रामाणिकता के प्रति आश्वस्त न हों।' डेकार्ट का 'संशय' ज्ञान का साधन है। ब्रिटिश दार्शनिक फ्रांसिस बेकन ने भी चिंतन को पूर्वाग्रहों से मुक्त रखने का विचार दिया है। अब मेरे मन में अपने संशय को लेकर भी संशय है कि विद्यार्थी-जीवन में ही मेरे चित्त में संशय का जन्म क्यों हुआ था?

पाश्चात्य दर्शन में बुद्धिवाद है। भारतीय चिंतन में बुद्धि की महत्ता है। यहाँ बुद्धि, साध्य नहीं है, ज्ञान-प्राप्ति का साधन है। गीता (2.39) में श्रीकृष्ण, अर्जुन से कहते हैं, 'मैंने सांख्य (दर्शन) के अनुसार ज्ञान का विवेचन किया है, अब बुद्धि-योग बताता हूँ। सुनो। ऐसे ज्ञान से तुम कर्म बंधन से मुक्त हो जाओगे। इस श्लोक में सांख्य का अर्थ ज्ञान-प्राप्ति की विश्लेषण पद्धति है। गीता का बुद्धियोग, डेकार्ट, स्पिनोजा आदि दार्शनिकों के बुद्धिवाद से उच्चतर है। गीता (10.10) में प्रसंग भक्ति का है। भक्ति में आस्था और विश्वास अपरिहार्य है। माना जाता है कि भक्ति की पूर्णता में आराध्य ईश्वर या भगवान की प्राप्ति संभव है। लेकिन गीता के इस श्लोक में प्रीतिपूर्वक सतत भक्ति करने वाले को बुद्धि-योग की प्राप्ति होती है। 'सतत युक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वम। यह श्लोक काफी रोचक है। यहाँ भक्ति का परिणाम भगवान का दर्शन नहीं, बुद्धि-योग है और बुद्धि-योग की यात्रा में तर्क-संशय की उपयोगिता है।

प्रकृति को ध्यान से देखने का अपना आनंद है लेकिन देखने और दर्शन करने में आधारभूत अंतर है। देखने का सामान्य उपकरण आँखें हैं। हम आँख से देखने के साथ सुनना, सूँघना, स्पर्श और स्वाद भी जोड़ सकते हैं लेकिन दर्शन में ज्ञान-मीमांसा है, बुद्धि है। सोच-विचार की आगमन-निगमन-प्रणाली है। विवेचन है। तर्क-पद्धति है। अनुभवों से प्राप्त सत्य है और तथ्य भी है। विज्ञान द्वारा खोजे गए सूत्र व आविष्कार हैं। वैज्ञानिक सत्य प्रयोगसिद्ध भी हैं। दर्शन और विज्ञान, जिज्ञासा और तर्क को महत्व देते हैं। भारत में तीर्थ-यात्राएँ होती हैं। मंदिर और मूर्तियों के दर्शन की परंपरा है। हम मूर्ति और मंदिर देखते हैं लेकिन इस आस्तिक कर्म को दर्शन करना कहते हैं। मूर्ति को देखने और दर्शन करने में अंतर है। देखने में मूर्ति पत्थर या धातु है। लेकिन मूर्ति के भीतर देव का दर्शन करते हैं। भौतिक विज्ञान के पास ऐसी आस्तिकता का औचित्य नहीं है। दर्शन में भी इसका उत्तर नहीं है। यह भक्तिभाव का प्रभाव है और यह प्रभाव कमजोर नहीं होता। कमजोर होता तो प्रभावित कैसे करता? संशयी विद्यार्थी ऐसे प्रभावों का भी विवेचन करते हैं। बुद्धि, ज्ञान का उपकरण है। बुद्धि के प्रयोग में समग्र दृष्टि का ही उपयोग है। ज्ञान-प्राप्ति के लिए अखण्ड और कुशाग्र बुद्धि जरूरी है। कुशाग्र का अर्थ कुश का अग्र या नुकीला भाग होता है। खंडित बुद्धि संसार को खण्डित, विभाजित देखती है। अखण्ड बुद्धि से प्राप्त ज्ञान भी अखण्ड होता है। अखण्ड और कुशाग्र बुद्धि के लिए गीता (2.41) में ह्यव्यवसायात्मिकाह्य और खण्डित बुद्धि के लिए ह्यअव्यावसायिकह्य शब्द प्रयोग हुआ है, ह्वव्यवसाय-आत्मिक बुद्धि है। संसार में अनेक रूप हैं लेकिन अस्तित्व एक अखण्ड है। कुछ लोग रूपों में विभाजित अस्तित्व को विभक्त देखते हैं और शुद्ध बुद्धि वाले विभाजित प्रतीत होने वाले अस्तित्व को अखण्ड अविभाजित देखते हैं। गीता में अविभाजित देखने वाले को सही बताया गया है- यः पश्यति, सः पश्यति।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# कर्म के धरातल पर अत्यन्त समृद्ध थे डॉ. मनमोहन सिंह

डॉ. सिंह भारत के ऐसे प्रधानमन्त्री थे जो पं. जवाहरलाल नेहरू के बाद पूरे पाँच वर्षों का कार्यकाल पूर्ण करने के बाद दोबारा प्रधानमंत्री बने। उनके कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में कई क्रान्तिकारी सुधार किये गये थे। उन्होंने 'शिक्षा का अधिकार-अधिनियम' लागू किया था, जिसके अन्तर्गत छह से चौदह वर्ष की बालक-बालिकाओं के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा की गारंटी दी गयी थी। हमें भूलना नहीं होगा कि डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए सरकार ने वर्ष 2006 में 'मनरेगा' (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी-अधिनियम) को लागू किया था, जिसमें ग्रामीण भारत के निर्धन परिवार को 100 दिनों के रोजगार देने की व्यवस्था रही।

**आचार्य पं० पृथ्वीनाथ पाण्डेय**

**अपनी** इसी खामोशी के साथ 26 दिसम्बर, 2024 को फेफड़े में गम्भीर संक्रमण के कारण 92 वर्ष की आयु में रात्रि 9 बजकर 51 मिनट में पूर्व प्रधानमन्त्री डॉ. मनमोहन सिंह इस असार संसार का त्याग कर चुके थे। उनके शरीरान्त के पश्चात उनकी वही 'खामोशी' इन दिनों मुखर होकर सबको बेचैन कर रही है। डॉ. सिंह ने दस वर्षों के अपने प्रधानमन्त्रित्व काल में 'देशहित' को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कभी प्रधानमन्त्री पद पाने की चाह भी व्यक्त नहीं की थी; काँग्रेस नेतृत्व ने खुद उनसे प्रधानमन्त्री पद स्वीकार करने का आग्रह किया था।

वे वाचाल नहीं थे; आत्मप्रशंसक भी नहीं थे; सत्तालोलुप नहीं थे; विपक्षी दलों के लिए कभी अपशब्द का प्रयोग नहीं करते थे। सच तो यह है कि उन्होंने किसी नेता-नेत्री को आरोपित तक नहीं किया। वे न तो भाषणों में जोश दिखाते थे और न ही किसी विवाद को जन्म देते थे। वास्तव में, उनका काम ही उनकी पहचान थी। उनके चरित्र की सबसे बड़ी विशेषता थी कि वे जो भी करते थे, शालीनता के साथ। उन जैसा व्यावहारिक भारतीय अर्थशास्त्री न कल था और न ही आज है; भविष्य में भी कोई नजर नहीं आ रहा। डॉ. मनमोहन सिंह जैसा सुशिक्षित एवं अनुभव सम्पन्न प्रधानमन्त्री आजादी के बाद से आज तक कोई नहीं हुआ। उनका अर्थबोध अद्वितीय रहा है। हम यदि उसके क्रम को समझें तो वे अर्थशास्त्र में वरिष्ठ व्याख्याता, उपाचार्य (रीडर), प्राध्यापक थे। वे संयुक्त राष्ट्र-व्यापार एवं विकास-सम्मेलन (अंकटाडझ्र यूएनसीटीएडी) में भी सक्रिय थे। भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशक तथा गवर्नर, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के निदेशक, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, दक्षिण आयोग के महासचिव, विदेश व्यापार मन्त्रालय के सलाहकार, 'दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स' अन्तरराष्ट्रीय व्यापार के प्राध्यापक, वित्त मन्त्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार रहे। यही कारण था कि वे विषम आर्थिक परिस्थितियों को भी अपनी कुशाग्र बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए अपने अनुकूल कर लेते थे।

हमें वर्ष 1991 का वह समय स्मरण रखना होगा, जब विश्व गम्भीर आर्थिक संकट के दौर गुजर रहा था। वैसी विषम परिस्थिति में पीवी नरसिम्हा राव के प्रधानमन्त्रित्व काल में डॉ. मनमोहन सिंह को वित्तमन्त्री बनाया गया। उस समय भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार रिक्त हो चुका था; देश पर अत्यधिक ऋण का दबाव था। ऐसे में, उनकी तीन आर्थिक नीतियों- (1) उदारीकरण (2) निजीकरण (3) वैश्विकरण ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नयी सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। उन्होंने अपनी सुशिक्षा और अनुभव के बल पर भारतीय अर्थव्यवस्था में अभिनव युग की शुरूआत की। उनकी आर्थिक उदारीकरण की नीति 'मील का पत्थर' साबित हुई, जिसके अन्तर्गत उन्होंने व्यापार, उद्योग तथा निवेश के क्षेत्रों में लोकोपयोगी सुधार किये थे, जिससे भारत को वैश्विक अर्थतन्त्र के साथ जोड़ने मे सहायता मिली। उन्होंने ही शासकीय उद्यमों को निजी क्षेत्र के लिए खोलने की शुरूआत की। निजीकरण के साथ विदेशी निवेश को भी प्रोत्साहित करने का श्रेय उन्हें जाता है। उन्होंने विदेशी कम्पनियों को भारत में निवेश के लिए आकर्षित किया। उनकी नीतियों का ही परिणाम था कि सूझबूझ एवं दूरदर्शिता के साथ उन्होंने कई दशक से भारतीय अर्थव्यवस्था में सुस्त वृद्धि और भ्रष्टाचार के स्रोत 'लाइसेंस-परमिट राज' को समाप्त कर दिया था; कर (टैक्स) कम कर दिये थे। यही कारण था कि उनके वित्तमन्त्रित्व-काल में भारत की आर्थिक दशा-दिशा पूर्णतः स्वस्थ एवं समृद्धि रही।

अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी कृति 'ए प्रामिस्ड लैण्ड' में डॉ. मनमोहन सिंह की आर्थिक नीतियों की सराहना करते हुए लिखा थाझ्र वर्ष 1990 के बाद वे लगातार भारत की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था बनाने में तत्पर और सन्नद्ध रहे। वे भारतीय अर्थव्यवस्था को ऊँचाई पर ले जाने वाले प्रमुख शिल्पी बने।

डॉ. मनमोहन सिंह वर्ष 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमन्त्री बने रहे। उन्होंने अपने उन दस वर्षों के कार्यकाल में कभी अवकाश नहीं लिया, सिवाय वर्ष 2009 में जब उन्हें बाईपास सर्जरी करानी पड़ी थी। वे प्रतिदिन 18 घण्टे क्रियाशील थे। बताया जाता है कि वे प्रतिदिन 300 फाइलों का परीक्षण करते थे।

डॉ. सिंह भारत के ऐसे प्रधानमन्त्री थे जो पं. जवाहरलाल नेहरू के बाद पूरे पाँच वर्षों का कार्यकाल पूर्ण करने के बाद दोबारा प्रधानमंत्री बने। उनके कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में कई क्रान्तिकारी सुधार किये गये थे। उन्होंने 'शिक्षा का अधिकार-अधिनियम' लागू किया था, जिसके अन्तर्गत छह से चौदह वर्ष की बालक-बालिकाओं के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा की गारंटी दी गयी थी। हमें भूलना नहीं होगा कि डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए सरकार ने वर्ष 2006 में 'मनरेगा' (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी-अधिनियम) को लागू किया था, जिसमें ग्रामीण भारत के निर्धन परिवार को 100 दिनों के रोजगार देने की व्यवस्था रही। उनके कार्यकाल में भारत ने सूचना-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनायी। बीपीओ और आइटी उद्योग ने लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न किये थे। टेलीकॉम-क्षेत्र में कराये गये सुधार ने देश के कोने-कोने में मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी का विस्तार किया।

डॉ. मनमोहन सिंह की दूरदर्शिता तब और मुखर रूप में सामने आई जब वर्ष 2008 में भारत-अमेरिका का परमाणु-समझौता हुआ था, जो भारत को असैनिक परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम था। इसके द्वारा देश में ऊर्जा-संकट कम करने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की नींव रखी गयी थी, हालांकि उस समझौते को लेकर तत्कालीन प्रतिपक्षी नेताओं ने विरोध भी किया, फिर भी डॉ. मनमोहन सिंह अपने निर्णय पर अटल बने रहे।

हम डॉ. मनमोहन सिंह को दूरदर्शी प्रधानमन्त्री क्यों विश्लेषित करते आ रहे हैं? इसका उत्तर साफ है कि वे प्रधानमन्त्री-पद की कुर्सी से चिपके रहना नहीं चाहते थे। उन्होंने तो वर्ष २०१४ मे सुस्पष्ट शब्दों में कह दिया था, 'मैं तीसरी बार प्रधानमन्त्री नहीं बनूँगा। इतिहास मेरे साथ 'समकालीन मीडिया' और 'विपक्ष' से ज्यादा इंसाफ करेगा।"

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# आपके आचरण मात्र से भी शांत हो सकते हैं ग्रह, मिलेगा शुभ प्रभाव

अध्यात्म

हम सभी जानते हैं कि जैसे मनुष्य कर्म करता है, उसको उसी प्रकार का फल प्राप्त होता है। कर्म फल भी रूप परिवर्तित कर व्यक्ति को देर-सवेर सुख-दुख के रूप में प्राप्त होता है। विज्ञान की भाषा में जिस प्रकार पदार्थ कभी नष्ट नहीं होता है, उसका केवल रूप बदल जाता है, उसी प्रकार किया गया कर्म भी कभी निष्फल नहीं होता है। अपने पूर्व जन्मों में किए गए पापों से रुष्ट ग्रहों को प्रसन्न करने के लिए उपासना, यज्ञ, रत्न धारण आदि का विधान प्राचीन ग्रंथों में वर्णित है। अनुभव में आया है कि यदि हम लोग जड़ की अपेक्षा सीधे जीव से संबंध स्थापित करें, तो ग्रह अति शीघ्र प्रसन्न हो सकते हैं। धर्मशास्त्रों में सफलता के सूत्र, संकेतों के रूप में रहते हैं। मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, गुरु देवो भव, अतिथि देवो भव, वेद वाणी है। इसी प्रकार शास्त्र कहता है, मात्र प्रणाम करने से, सदाचार के पालन से एवं नित्य वृद्धों की सेवा करने से आयु, विद्या, यश व बल की वृद्धि होती है। यदि हम जीवों के प्रति परोपकार की भावना रखें, तो अपनी कुण्डली में रुष्ट ग्रहों की रुष्टता को न्यूनतम कर सकते हैं। हर व्यक्ति पर किसी न किसी ग्रह का अपना एक विशेष प्रभाव रहता है, इस प्रकार का विशेष प्रभाव उसके आचार-विचार, व्यवहार व जीवन की कुछ विशेष व प्रमुख घटनाओं के माध्यम से प्रकट होता है। नौ ग्रह इस चराचर जगत में पदार्थ, वनस्पति, तत्व, पशु-पक्षी इत्यादि सबमें अपना प्रतिनिधित्व समाहित रखते हैं। इसी तरह ऋषि, महर्षियों ने पारिवारिक सदस्यों और आसपास के लोगों में भी ग्रहों का प्रतिनिधित्व बताया है। सूर्य आत्मा के साथ-साथ पिता का प्रतिनिधित्व करता है और चंद्रमा मन के साथ-साथ माता का, मंगल पराक्रम के साथ-साथ छोटे भाइयों का, शनि दुःख के साथ सेवक का, बृहस्पति ज्ञान के साथ गुरू एवं बड़े भाई तथा उनके समकक्ष लोगों का, बुध वाणी के साथ-साथ मामा का, शुक्र ऐश्वर्य के साथ जीवनसाथी का कारक है। इसे ऐसे भी समझा जा सकता है, कि जीवनसाथी को कष्ट देने पर शुक्र प्राकृतिक तौर पर निर्बल होने लगता है, जिसके कारण व्यक्ति का ऐश्वर्य कम हो जाता है। यदि सूर्य ग्रह रुष्ट है तो पिता को प्रसन्न करें, चंद्र पीड़ादायक हो तो माता अथवा माता समान स्त्रियों को प्रसन्न करें, मंगल कष्टकारी है तो छोटे भाई व बहन को प्रसन्न करें, बुध पीड़ादायक है तो मामा एवं बंधुओं को प्रसन्न करें, बृहस्पति रुष्ट है तो गुरुजन एवं वृद्धों को प्रसन्न करें, शुक्र रुष्ट है तो पत्नी को प्रसन्न करें, शनि कष्ट दे रहा हो तो दास-दासी को प्रसन्न करें, राहु कष्टकारी है तो अंगहीन को प्रसन्न करें और यदि केतु अप्रसन्न है तो दीन-हीन, रोगी की सहायता करें।

## सेहत

### सर्दियों में हाइड्रेटिंग फेस टोनर का करें प्रयोग

अक्सर सर्दी के मौसम में ड्राई स्किन परेशान करती रहती है। इस मौसम में ड्राई स्किन से निपटना काफी मुश्किल होता है। ठंड में हवा में नमी काफी कम होती है, जिससे स्किन ड्राई होने लगती है। सूखी त्वचा की समस्या से निपटने के लिए टोनर का प्रयोग करना उचित हैं लेकिन इसे सही तरीके से इस्तेमाल करना भी काफी जरुरी है। यदि आपकी स्किन ड्राई हो जाती है, तो हाइड्रेटिंग फेस टोनर आपके लिए बेस्ट है। आइए आपको बताते हैं कि इसका सही यूज कैसे करे। जब भी आप अपने त्वचा की देखभाल करना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपने चेहरे पर जमा प्रदूषक, गंदगी, मैल आदि को हटाने के लिए अच्छे मॉइस्चाराइजिंग क्लींजर का यूज करें। इसकी मदद से आप चेहरे और गर्दन को साफ कर सकते हैं। जब त्वचा नम होती है तो टोनर आपकी स्किन में अच्छी तरह से अवशोषित हो जाते हैं। चेहरे को क्लींजर से धोने के बाद थोड़ा नम छोड़ते हुए माइक्रोफाइबर तौलिए से धीरे से थपथपाएं जरुर। इसके बाद आप स्किन को हाइड्रेटिंग रखने के लिए अच्छे क्वालिटी वाले टोनर को ले। मॉइस्चराइजिंग टोनर स्किन के पीएच लेवल को सुंतलित करने में मदद करता है। इसके साथ ही पहले रुखी त्वचा, ड्राई त्वचा में हाइड्रेशन को भी बढ़ावा देते हैं। टोनर को लगाने लिए एक कॉटन पैड पर कुछ बूंद टोनर की डालें और धीरे से ऊपर की ओर स्वाइप करें। चेहरे की नमी बनाए रखने के लिए फेस सीरम का प्रयोग करें। हथेली पर सिरम की बूंदें डालें और फिर फेस सीरम लगाएं। ये स्किन की चमक बनाए रखने में मदद करेगा। इसके साथ ही आप ड्राई स्किन से निपटने के लिए बेस्ट है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### 16वीं झारखंड राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ के लिए जिले से 04 खिलाड़ी जमशेदपुर रवाना



**साहिबगंज :** झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ एवं पूर्वी सिंहभूम एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में 31 दिसंबर को जमशेदपुर में होने वाली 16वीं झारखंड राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए साहिबगंज जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान में जिले से 04 एथलीट जमशेदपुर रवाना हुए। पुरुष वर्ग सुजीत सरकार 10 किलो मीटर अंडर 18 वर्ष अमित कुमार,अनिल मुंडा 6 किलो मीटर ,अंडर 16 वर्ष-पिंटू कुम्हार, मिथुन कुमार पंडित 02 किलो मीटर सभी खिलाड़ियों को ,जिला खेल पदाधिकारी श्री पंकज कुमार झा,जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव, सचिव माधवचंद्र घोष, उपाध्यक्ष कल्याण श्रीवास्तव, अधिवक्ता ओम तत्सत कोषाध्यक्ष संतोष उर्फ टिंकू , खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव,अशोक साहनी, प्रकाश सिंह बादल, निमाई चौधरी,गौरव झा समेत जिले वासियों ने बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी।

### गरीब बूढ़े बुजुर्ग को जैकेट शूटर ऊनी कपड़ा का वितरण



**साहिबगंज :** हिंदू क्रांति संघ जिला अध्यक्ष सन्नी राज के नेतृत्व मे रविवार देर रात्रि स्टेशन परिसर मे रह रहे गरीब असाय के बिच ठंड से बचने के लिए गरीब बूढ़े बुजुर्ग को जैकेट शूटर ऊनी कपड़ा का वितरण किया गया। जबकि अध्यक्ष सन्नी राज ने पत्रकार से बात चित करते हुए कहा की बडती ठंड को देखते हुए पुरे जिला भर में हिन्दु क्रांति सेना के द्वारा प्रत्येक प्रखण्ड मे जा कर गरम कपडा का वितरण किया जाएगा । हमलोग समाज के प्रत्येक आम जनता से अनुरोध करते हैं कि अपने घर के आस पास मे रहे गरीब लोगों का मद्द करे। इस क्रार्यक्रम मे हिन्दु सेना के वितरण समारोह में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### फर्जी निकासी मामले के सत्यापन को लेकर राधानगर पहुंची राजस्थान पुलिस

**साहिबगंज/उधवा :** राजस्थान पुलिस ने रविवार को राधानगर थाना पहुंचकर एक फर्जी निकासी मामले के सत्यापन को लेकर आरोपी की तलाश शुरू की। यह मामला राजस्थान के अलवर जिले के गोबिंदगढ़ थाना क्षेत्र में जनवरी 2024 में हुई एक फर्जी निकासी से जुड़ा है, जिसमें राधानगर थाना क्षेत्र के दो युवकों के मोबाइल का इस्तेमाल हुआ था।पुलिस के अनुसार, इस मामले में आरोपी और पीड़ित दोनों ही राजस्थान के निवासी हैं। लेकिन इससे पहले कि यह फर्जी निकासी हुई। राधानगर थाना क्षेत्र के पियारपुर के दो युवकों ने एयरटेल कंपनी के सीम का इस्तेमाल किया था।राजस्थान पुलिस ने राधानगर थाना पुलिस के सहयोग से पियारपुर पहुंचकर दोनों युवकों का पता सत्यापन किया और इसके बाद वे लौट गए। यह मामला राजस्थान पुलिस द्वारा की गई एक महत्वपूर्ण कार्रवाई का हिस्सा है।जिसमें फर्जी निकासी और अन्य अपराधों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### ऑल झारखंड शेरसाहवादी सोसायटी प्रखण्ड कमिटी का हुआ पुर्नगठन



साहिबगंज/बरहरवाः प्रखण्ड अंतर्गत श्रीकुंड हाई स्कूल मैदान में कामरेड इकबाल की अध्यक्षता में आल झारखंड शेरशाहवादी सोसायटी के प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन हेतु एक बैठक किया।जिसमें निम्न व्यक्तियों को कमेटी में सर्वसम्मति से शामिल किया गया प्रखंड कमेटी का अध्यक्ष मो० आजमाइल उपाध्यक्ष नुर नबी सचिव शाहिन अख्तर उपसचिव मुस्ताफेजुर रहमान कोषाध्यक्ष शकिल अहमद एव मिडिया प्रभारी मोक्तादा हसन वो इंतेखाब आलम को पदभार दिया गया और निम्न व्यक्तियों को प्रखंड कमेटी के सदस्य के रूप में शामिल किया गया है जो निम्न प्रकार है। अब्दुर रहमान,मसुद आलम,शोएब आलम, सनाउल्लाह,मनिरुल इस्लाम,सैफुल इस्लाम परवेज आलम,रबिउल इस्लाम,तोफाइल इस्लाम मिजानुर रहमान को शामिल किया गया। उद्देश्य साथ ही आगे के कार्यक्रम पर प्रस्ताव लिया गया जिसमें निम्न व्यक्तियों ने बैठक में भाग लिया मुसा सर,कैफुल इस्लाम,मुखिया इस्तियाक आलम,रफिकुल इस्लाम व दिगर शेरशाहवादी सोसायटी के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### लायंस क्लब ने किया कंबल का वितरण

**दुमका :** लायंस क्लब (सं.प) दुमका के सदस्यों ने लायंस क्लब( सं.प) दुमका के भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. अनीत कुमार बोस के जन्म दिन के शुभ अवसर पर शहर के बस स्टैंड एवं कचहरी चौक पर कंबल का वितरण किया.कंबल वितरण कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्षा डॉ. अमिता रक्षित, सचिव चंदन देव, डॉ.मनोज कुमार घोष, अमूल्य पाल, सुनील साह आदि सदस्य मौजूद थे.

### पुण्यतिथि पर याद किए गए बासुकीनाथ नगर पंचायत के प्रथम अध्यक्ष बम बम पंडा

**बासुकीनाथ :** रविवार के दिन बासुकीनाथ नगर पंचायत के प्रथम निर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष एवम बासुकीनाथ मंदिर के सरदार पंडा के प्रपौत्र दिवंगत बमबम पंडा की नवम पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई । बासुकीनाथ बीच बाजार में स्थापित दिवंगत पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बमबम पंडा के प्रतिमा पर उनके नवमे पुण्यतिथि पर आकर्षक तरीके से सजाया गया था । बमबम पंडा की प्रतिमा को मौके पर मौजुद जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर,पूर्व विधायक एवम पूर्व राज्यसभा सांसद अभयकांत प्रसाद,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सह दिवंगत बमबम पंडा की धर्मपत्नी पूनम देवी, बासुकीनाथ भाजपा नगर अध्यक्ष शैलेश कुमार राव, भाजपा कार्यकर्ता कुंदन झा, कैलाश प्रसाद साह, सोमनाथ यादव,नरेश पंडा,सारंग बाबा,सत्यनारायण यादव,महेश प्रसाद साह, पवन मिर्धा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकताओं सहित दिवंगत बमबम पंडा के परिजनों एवम नगर के गण्यमान्य लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दिया । इस अवसर पर बासुकीनाथ बाजार स्थित बमबम पंडा के प्रतिमा के पास दर्जनों नगर निवासियों की भीड़ भी नवमे पुण्यतिथि पर मौजूद रही ।

# देवघर के बैद्यनाथ मंदिर में नववर्ष की तैयारी श्रद्धालुओं के लिए किए गए खास इंतजाम

मेट्रो रेज संवाददाता

**देवघर :** अगले दो दिनों में वर्ष 2025 का आगमन हो जाएगा. नए साल पर देवघर के बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि देवघर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े.

एसडीओ ने की थी तैयारी की समीक्षा

नव वर्ष को लेकर पिछले दिनों मंदिर प्रभारी सह देवघर एसडीओ रवि कुमार के नेतृत्व में एक बैठक की गई थी. जिसमें एसडीओ ने नए साल में मंदिर में उमड़ने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे. उन्होंने कहा था कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसका विशेष ख्याल रखा जाए. इसके लिए जवानों और मजिस्ट्रेट की तैनाती का भी निर्देश दिया गया था.

मंदिर के प्रबंधक ने दी जानकारी

वहीं बाबा मंदिर में नव वर्ष की तैयारी को लेकर मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त बताते हैं कि आजकल 1 जनवरी को लोग पिकनिक मनाने से ज्यादा मंदिरों में जाते हैं, क्योंकि उनकी यह सोच




होती है कि साल के पहले दिन भगवान का आशीर्वाद मिल जाए तो पूरा साल बेहतर जाएगा. इसी सोच के साथ श्रद्धालु देवघर के बैद्यनाथ मंदिर पहुंचते हैं और भोलेनाथ पर जलाभिषेक करते हैं. उन्होंने बताया कि मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था को लेकर जिले के अधिकारी सजग हैं और मंदिर प्रबंधन के लोगों से समन्वय बनाकर काम करने का दिशा निर्देश दिया है.

व्यवस्था से संतुष्ट नजर आए श्रद्धालु

वहीं इस संबंध में मंदिर में पूजा करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने कहा कि इंतजाम बेहतर है. जरूरत है व्यवस्था को और भी मजबूत बनाने की, ताकि नए साल में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को पूजा करने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो. वहीं इस संबंध में नेपाल के काठमांडू से पूजा करने पहुंचीं आरती कुमारी ने कहा कि देवघर के बैद्यनाथ मंदिर में सिर्फ देश से ही नहीं, बल्कि विदेश से भी लोग आते हैं. इस मंदिर की मान्यता बहुत पुरानी है और यहां पर आकर लोगों को शांति मिलती है.

बताते चलें कि नव वर्ष पर लोग खुशियां मनाने के लिए अपने परिवार के साथ विभिन्न पिकनिक स्पॉटों का रूख करते हैं, लेकिन एक वर्ग ऐसा भी है जो नव वर्ष के मौके पर अपने परिवार के साथ मंदिरों में दर्शन करने के लिए जाते हैं और परिवार के लिए सुख और समृद्धि की कामना करते हैं. गौरतलब हो कि 1 जनवरी से पहले से ही देवघर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है. अब देखने वाली बात होगी कि जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन द्वारा किए गए इंतजाम से श्रद्धालुओं को कितनी राहत मिल पाती है.

## पिकनिक स्पॉट पर ड्रोन कैमरा से होगी निगरानी, उपद्रवियों को दबोचा जायेगा : गुप्ता

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला विकास समिति की बैठक एलसी रोड स्थित कार्यालय में समिति के अध्यक्ष अरविन्द कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई।इस अवसर पर साहिबगंज जिला विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि शहर का एकमात्र पिकनिक स्पॉट छोटी झरना है। उससे सटा हुआ मूक बघीर विद्यालय के पास स्थित मैदान में फर्स्ट जनवरी के दिन हजारों लोग महिला,पुरुष एवं बच्चे पिकनिक मनाने के लिए जाते हैं।जिनका संरक्षण सुरक्षा अति आवश्यक है।इस दिन शांति व्यवस्था बहाल रहे इसके लिए जिला प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों की भी पूर्ण जिम्मेदारी बनती है।बैठक में साहिबगंज जिला प्रशासन यथा उपायुक्त,आरक्षी अधीक्षक नगर परिषद से छोटी झरना,पिकनिक स्पॉट,मूक बघीर विद्यालय के पास स्थित मैदान में आसपास के इलाके में एक भी भेपर लाइट की व्यवस्था किया जाए।छोटी झरना और आसपास के इलाके में मूक




बघीर विद्यालय के पास स्थित मैदान में काफी गंदगी फैला हुआ है।जिसकी सफाई की व्यवस्था शीघ्र हो एवं जगह-जगह डस्टबिन लगाया जाए ताकि लोग यत्र तत्र कचरा न फेंकें छोटी झरना एवं बड़ी झरना में लोगों की सुरक्षा के लिए उचित संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति व पहाड़ों पर पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाए,छोटी झरना स्थित पिकनिक स्पॉट पर ड्रोन कैमरा से निगरानी कराया जाए ताकि उपद्रवियों को तुरंत दबोचा जा सके,शराबियों पर पूर्ण अंकुश लगाया जाए एवं पूरे शहर में एक दिन पूर्व से शराब की दुकानों को बंद रखा जाए।बैठक में साहिबगंज जिला विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता,सचिव विनोद कुमार यादव, उपाध्यक्ष बसंत श्रीवास्तव,संजय कुमार पंडित,रवीन्द्र प्रसाद साह, बासुकीनाथ साह,उदय कुमार साह,संतोष कुमार मोदी,सुमन कुमार झा,बृजमोहन केसरी, रोहित

## डॉ. अनिल का लगाव रिसर्च एवं पढ़ाई के प्रति गहरा है : प्राचार्य

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** सिद्धों कान्हु मुर्मू यूनिवर्सिटी, दुमका के कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह के मार्गदर्शन एवं आशीष से डॉ अनिल कुमार ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की है। कुलपति के प्रेरणा से डॉ अनिल कुमार विभागाध्यक्ष पी.जी. डिपार्मेंट ऑफ केमेस्ट्री साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज को एडिटोरियल बोर्ड का मेंबर्स फॉर्मल इनसाइट जर्नल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी करेंट ट्रेंड्स इन फामोकोलॉजी एंड क्लिनिकल ट्रायल्स से नवाजा गया ।ज्ञातव्य हो कि डॉक्टर अनिल कुमार इंटरनेशनल नेशनल जर्नल के लगभग 25 से ज्यादा इंटरनेशनल जनरल के एडिटोरियल बोर्ड एडवाइजरी बोर्ड रिव्यूवर बोर्ड में रिसर्च का कार्य करते आ रहे है। प्राचार्य एस. आर. रिज्वी ने कहा कि डॉ. अनिल का लगाव रिसर्च एवं पढ़ाई के प्रति गहरा है और सदा नए आयाम के लिए तत्पर रहते है यह साहेबगंज कॉलेज साहिबगंज एवं सिद्धों कान्हु मुर्मू यूनिवर्सिटी दुमका के लिए गर्व की बात है । डॉ कुमार यू. जी., पी. जी.के बच्चे को कॉन्फ्रेंस में ले जा कर उनके ज्ञान में वृद्धि, रिसर्च का माहौल दे कर सिद्धों कान्हु यूनिवर्सिटी एवं साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज का नाम रौशन करने का प्रयास करते आ रहे है डॉ ध्रुवज्योति सिंह डॉ चंद्रशेखर डॉ संजीव डॉ राधा डॉ अवस्थी डॉ धर्मेंद्र आदि ने डॉ कुमार के कार्यों को उत्साहवर्धक बताया और कहा यह उपलब्धि उनके कड़ी मेहनत और सच्ची लगन का घोतक है। ज्ञातव्य हो डॉ अनिल



ने लगभग 120 से ज्यादा शोध पत्र विभिन्न जर्नल एवं 70 से अधिक इंटरनेशनल नेशनल कॉन्फ्रेंस सेमिनार में अपना शोध पत्र प्रकाशित किया है । डॉ अनिल कुमार ने यू.जी., पी.जी. गेट नेट मेडिकल इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए केमेस्ट्री के लिए लगभग 20 से ज्यादा बुक इंटरनेशनल पब्लिकेशन के साथ अपना बुक प्रकाशित किया है । डॉ अनिल अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से केमिस्ट्री बच्चों एवं साइंस फेटरनिटी को अपने ज्ञान से लाभान्वित करते आ रहे है।यू.जी., पी.जी. के बच्चे ऐश्वर्या प्रकाश, देवव्रत, अभिषेक आनंद, ऋषभ राज, साक्षी, न्यासा, वंदना, अंकित आशीष आदि बच्चों में काफी उत्साह का माहौल है।

### डॉ मनमोहन सिंह कुशल प्रशासक के साथ विनम्र व्यक्तित्त्व के धनी थे : सद्दाम

**साहिबगंज :** कांग्रेस के जिला सचिव मो सद्दाम हुसैन ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भारत गणराज्य के 13 वें प्रधानमंत्री थे।लोकसभा 2009 चुनाव में मिली जीत के बाद वे जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बने जिनको पांच वर्षों का कार्यकाल सफलतापूर्वक करने के बाद लगातार दुसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला था।इन्हें 21 जून 1991 से 16 मई 1996 तक पीवी नरसिंह राव के प्रधानमंत्रित्व काल में वित्तमंत्री की जिम्मेवारी मिली जो उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व और एतिहासिक सुधारों के माध्यम से भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी।उनके योगदान को यह देश सदैव स्मरण करेगा।सद्दाम हुसैन ने कहा कि डॉ.मनमोहन सिंह एक शिक्षाविद,कुशल प्रशासक और विनम्र व्यक्तित्त्व के धनी थे।उनका जीवन सादगी, सेवा और समर्पण की अद्भुत मिशाल है।

## उधवा में नवजात बच्ची का मिला शव



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के बाबुटोला फोरलेन अंतर्गत अर्धनिर्मित पुल के नीचे एक कार्टून में नवजात बच्ची का शव बरामद किया गया। शव मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना रविवार की सुबह की है। बताया जा रहा है। कि फोरलेन अर्धनिर्मित पुल के नीचे स्थानीय कुछ बच्चे खेल रहे थे। तभी उनकी नजर एक कार्टून पर पड़ी। बच्चों के द्वारा कार्टून को खोलने पर बच्ची का शव पाया गया। उधर बच्चों ने इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। सूचना पाकर लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों में चर्चा है कि किसी ने मृत बच्ची पैदा होने के पश्चात तुरंत कार्टून में रखकर पुल के नीचे लाकर फेंक दिया गया है। वही दूसरी ओर किसी ने गर्भपात कराकर इसी कृत्य घटना को अंजाम दिया है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने उक्त बच्ची की शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। यह घटना क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। और लोगों में आक्रोश है। ऐसी घटनाएं हमें समाज में व्याप्त समस्याओं के बारे में सोचने पर मजबूर करती हैं।हालाकी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### धूमधाम से मनाया गया लक्ष्मण मिश्रा हाई स्कूल जामा का 16 वां वार्षिकोत्सव



**जामा:** रविवार को जामा हटिया के निकट स्थित लक्ष्मण मिश्रा हाई स्कूल सह मॉडर्न पब्लिक इंग्लिश स्कूल का 16 वां वार्षिकोत्सव विद्यालय प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ ग्राम प्रधान मैनेजर हांसदा,अभिभावक चंद्रदेव राव व समाजसेवी गोकुल बिहार सेन ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में मनीषा वर्षा, प्रति अदिति, डंपी वर्षा, जयंती रेशमा, सुष्मिता, अंजुला, मंजूरी, निशा सीरियल आदि छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी। मौके पर बाल विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटक की प्रस्तुति पर खूब तालिया बजी। संताली नृत्य और डीजे की धुन पर छोटे छोटे बच्चों ने अपने प्रदर्शन से अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में व्यवस्थापक एवं निदेशक ने विद्यालय के टॉपर को सम्मानित किया। इसके अलावा डिजिटल कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर निदेशक अशोक मिश्रा, शिक्षक आशीष मिश्रा, सोनू सर, समाजसेवी इंद्रकांत यादव, गोकुल बिहारी सेन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावक तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला कांग्रेस कार्यालय साहिबगंज में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया।जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने किया।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कांग्रेसजनों ने डॉ मनमोहन सिंह के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया.उसके बाद सभी कांग्रेसजनों ने 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।जिला अध्यक्ष ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह के निधन से देश ने एक महान अर्थशास्त्री और संवेदनशील नेता को दिया है.उन्होंने अपनी दूरदर्शिता और नीतियों से भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। बेहद सादगी और ईमानदारी से देश की सेवा करते हुए अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए सूचना का अधिकार,गरीबों को भूखमरी से बचाने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा



कानून,गरीबों के रोजगार के लिए मनरेगा जैसे कई कानून बनाकर प्रत्येक भारतीयों के जीवन के उत्थान के लिए पूरे समर्पण से कार्य किया.डॉ मनमोहन सिंह का व्यक्तित्व, उनका आचरण और उनकी कार्यशैली हमारे लिए हमेशा अनुकरणीय रहेगी।डॉ मनमोहन सिंह हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे.शोक सभा में अन्य कई कांग्रेसजनों ने अपनी बात रखी. ।शोकसभा में मुर्शाद अली, मोहम्मद कलीमुद्दीन, बासुकीनाथ यादव,नित्यानंद गुप्ता,सरफराज आलम,अनिल पांडे,अजमत हुसैन,महेंद्र पासवान,अली कुरैशी,विनोद सिन्हा,बीबी नूरजहाँ,मो रिजवान, सादाब आलम,सब्दुल अंसारी, मोहम्मद रियाज,कैसर अली, जामुन दास,सतीश पासवान, नौशाद आलम,जाहिद खान, आफताब अलाम,ललन सिंह गुफरान आलम,मोहम्मद नजरुल,परवेज आलम, सनाउल्लाह अंसारी,सुनील कुमार पासवान,कौसर आलम, शंकर प्रसाद मंडल,रागिब आलम,तारिक अनवर,अंसारुल हक,कहन केवट सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।



# श्रद्धा दास ने थाई स्लिट ड्रेस पहनकर दिए स्टनिंग पोज

साउथ एक्ट्रेस श्रद्धा दास हमेशा अपने स्टाइल और फैशन सेंस से सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। उनकी नई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं, और उनके फैंस उनके हॉट और ग्लैमरस लुक्स की तारीफ करते नहीं थकते। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें उनका हॉट और सेक्सी अंदाज देखकर लोग दीवाने हो गए हैं। श्रद्धा दास अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने फैशन स्टेटमेंट्स के लिए जानी जाती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर खासा चर्चित हो जाता है। अब हाल ही में उन्होंने जो फोटोशूट शेयर किया है, उसमें उनका किलर लुक सबका ध्यान खींच रहा है। इस फोटोशूट में श्रद्धा दास ने ब्लू कलर की थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वह बेहद स्टनिंग और सेक्सी पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनके बालों का हाई बन और कानों में इयररिंग्स उनका लुक और भी शानदार बना रहे हैं। श्रद्धा दास सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के अपडेट्स फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। उनकी इंस्टाग्राम पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है, और उनकी हर एक तस्वीर इंटरनेट पर बवाल मचाने का काम करती है।

# 'दे दे प्यार दे 2' को मिली नई रिलीज डेट अब 14 नवंबर 2025 को होगी रिलीज



2019 में आई फिल्म 'दे दे प्यार दे' का सीक्वल अगले साल दर्शकों के बीच आ रहा है। यह फिल्म पहले 2025 में मई महीने में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज डेट को टाल दिया गया है। पहले इसे सितंबर 2025 में लाने की बात कही गई थी, लेकिन अब मेकर्स ने आधिकारिक रूप से घोषणा की है कि यह फिल्म 14 नवंबर 2025 को रिलीज होगी।

फिल्म में अजय देवगन, आर माधवन और रकुल प्रीत सिंह जैसे प्रमुख सितारे होंगे। फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा कर रहे हैं, और इसे भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, लव रंजन और अंकुर गर्ग प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म के संवाद तरुण जैन और लव रंजन ने लिखे हैं। पहले यह फिल्म 1 मई 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे बाल दिवस के अवसर पर नवंबर में रिलीज किया जाएगा। फिल्म में रोमांस, हंसी-तफरी और फैमिली ड्रामा सभी कुछ देखने को मिलेगा। इसके साथ ही, फिल्म में अजय देवगन और आर माधवन एक बार फिर साथ नजर आएंगे, जैसा कि पहले उनकी फिल्म 'शैतान' में हुआ था। फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आते ही दर्शक सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने पूछा, 'बाल दिवस पर रोमांटिक फिल्म रिलीज करने का क्या मतलब? तो वहीं, दूसरे यूजर ने इसे लंबा इंतजार बताया और कहा कि यह रिलीज डेट बेकार है। फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव की वजह अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' है, जो पहले 1 मई 2025 को रिलीज हो रही है। दोनों फिल्मों के बीच टकराव से बचने के लिए 'दे दे प्यार दे 2' की डेट को आगे बढ़ा दिया गया है।

# हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने जस्टिन बाल्डोनी पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का लगाया आरोप





**हॉलीवुड** अभिनेत्री ब्लेक लाइवली ने अपने को-स्टार और फिल्म निमार्ता जस्टिन बाल्डोनी के खिलाफ यौन उत्पीड़न, कार्यस्थल पर अनुचित व्यवहार, और शारीरिक वजन पर टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। यह शिकायत शुक्रवार को कैलिफोर्निया के सिविल राइट्स डिपार्टमेंट में दर्ज की गई, जिसमें इन गंभीर आरोपों का खुलासा हुआ। ब्लेक लाइवली ने आरोप लगाया है कि फिल्म इट एंड्स विद अस की शूटिंग के दौरान जस्टिन बाल्डोनी ने उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की कोशिश की।

लाइवली ने दावा किया कि बाल्डोनी ने उनके साथ बिना सहमति के इंटीमेट सीन करना शुरू कर दिया। उन्होंने लाइवली के होठों पर बार-बार किस किया और कहा कि 'ये बहुत अच्छा है। बाल्डोनी पर आरोप है कि जब लाइवली कपड़े बदल रही थीं, तब वे बिना अनुमति उनके मेकअप ट्रेलर में घुस गए। बाल्डोनी ने फिल्म में बिना जरूरत के ग्राफिक सेक्सुअल कंटेंट जोड़ने की कोशिश की। लाइवली द्वारा विरोध करने पर उन्होंने उस सीन को हटाया, लेकिन उसके बाद लाइवली और उनके पति के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कीं।

बाल्डोनी ने लाइवली के वजन पर टिप्पणी करते हुए उन्हें इसे कम करने की सलाह दी। बाल्डोनी ने लाइवली के पति रयान रेनॉल्ड्स से पूछा कि क्या वे दोनों इंटीमेट होते समय एक साथ ऑर्गेजम महसूस करते हैं। बाल्डोनी ने लाइवली और एक अन्य प्रोड्यूसर के सामने अपनी पोर्नोग्राफी की लत के बारे में बातें कीं। बाल्डोनी की प्रोडक्शन कंपनी वेफरर स्टूडियो के अटॉर्नी ब्रायन फ्रीडमैन ने इन आरोपों को पूरी तरह से झूठा, अपमानजनक, और जानबूझकर बनाया गया बताया। फ्रीडमैन ने कहा कि बाल्डोनी की छवि खराब करने और मीडिया में सनसनी फैलाने के इरादे से यह कदम उठाया गया है। यदि आरोप सही साबित होते हैं, तो जस्टिन बाल्डोनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मेलबर्न टेस्ट : मुश्किल में टीम इंडिया, पांचवें दिन लंच तक 33 रन पर खोए 3 विकेट, लक्ष्य से 307 रन दूर

एजेंसी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां चल रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच मैं भारतीय टीम अब काफी मुश्किलों में आ गई है। 340 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही भारतीय टीम ने पांचवें दिन लंच तक केवल 33 रन पर तीन विकेट खो दिये हैं। यशस्वी जयसवाल 14 रन बनाकर नाबाद हैं। भारतीय टीम लक्ष्य से 307 रन दूर है।

340 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को यशस्वी और रोहित शर्मा ने सधी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 25 रन जोड़े। हालांकि इसी स्कोर पर पैट कमिंस ने एक ही ओवर में रोहित शर्मा और केएल राहुल को आउट कर भारत की मुश्किलें बढ़ा दीं। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और 5 रन बनाकर 33 के कुल स्कोर पर मिचेल स्टॉर्क का शिकार बने। कोहली के आउट होते ही लंच की घोषणा कर दी गई।




## ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 474 रन, स्मिथ का शतक

इसके पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 140 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। स्मिथ के अलावा उस्मान ख्वाजा ने 57, मार्नस लाबुशेन ने 72 और सैम कोंस्टास ने 60 रन बनाए। इन चारों के अलावा पैट कमिंस (49) और एलेक्स कैरी (31) ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 4, रवींद्र जडेजा ने 3, आकाशदीप ने 2 और वाशिंगटन सुंदर ने 1 विकेट लिया।

## ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बनाए 234 रन, रखा 340 रनों का लक्ष्य

इससे पहले आज ऑस्ट्रेलियाकी दूसरी पारी आज 234 रनों पर समाप्त हुई। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 105 रनों की हासिल की थी, जिससे उसकी कुल बढ़त 339 रनों की हुई और भारत को 340 का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्नस लाबुशेन ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 70 रन बनाए। लाबुशेन के अलावा पैट कमिंस और नाथन लियोन ने 41-41 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई पारी का मुख्य आकर्षण लियोन और बोलैंड के बीच आखिरी विकेट के लिए 61 रनों की साझादारी रही, जिसमें बोलैंड के नाबाद 15 रन शामिल थे। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 5, मोहम्मद सिराज ने 3 और रवींद्र जडेजा ने 1 विकेट लिया। भारत ने पहली पारी में 369 रन बनाए, नीतीश रेड्डी का शतक, यशस्वी और वाशिंगटन सुंदर ने लगाया अर्धशतक इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में नीतीश रेड्डी के शतक, यशस्वी जयसवाल और वाशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की बदौलत अपनी पहली पारी में 369 रन बनाए। नीतीश ने 114 रन बनाए, जबकि यशस्वी ने 82 और सुंदर ने 50 रनों की महत्वपूर्ण पारियों खेलीं। इन दोनों के अलावा विराट कोहली ने 36 और केएल राहुल ने 24 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड और नाथन लियोन ने 3-3 विकेट लिये।

# चौथी बार एटलेटिको मिनेरो के मुख्य कोच बने अनुभवी मैनेजर कूका



**रियो डी जेनेरियो :** अनुभवी मैनेजर कूका को चौथी बार एटलेटिको मिनेरो का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, ब्राजील के सेरी ए क्लब ने रविवार को यह जानकारी दी। 61 वर्षीय खिलाड़ी अर्जेंटीना के गेब्रियल मिलिटो की जगह लेंगे, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में आपसी सहमति से क्लब से नाता तोड़ लिया था। एटलेटिको ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, ब्राजील के शीर्ष स्तर पर एटलेटिको मिनेरो के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले मैनेजर और हमारे सबसे बड़े विजेता की वापसी हुई है। कूका, जिनका असली नाम एलेक्सी स्टिवल है, ने दिसंबर 2026 तक चलने वाले एक सौदे पर सहमति जताई। उनके साथ सहायक कुक्विन्हा और डैनियल सेकेर्रा भी शामिल होंगे। कूका ने 2011 से 2013 तक और 2021 और 2022 में अलग-अलग अवधियों के दौरान क्लब का प्रबंधन भी किया। बेलो होरिजोंटे क्लब के साथ उनकी ट्रॉफियों की सूची में 2013 कोपा लिबटाडीरेस और 2021 ब्राजीलियाई सीरी ए खिताब शामिल हैं। एटलेटिको 2024 ब्राजीलियाई सीरी ए स्टैंडिंग में 12वें स्थान पर रहा और इस साल के कोपा लिबटाडीरेस में बोटाफोगो के बाद उपविजेता रहा।

# संतोष ट्रॉफी : खिताबी मुकाबले में केरल का सामना पुराने प्रतिद्वंद्वी पश्चिम बंगाल से

एजेंसी

**हैदराबाद :** केरल ने रविवार को गाचीबोवली स्टेडियम में मणिपुर को 5-1 से हराकर 16वीं बार संतोष ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया, जहां खिताबी मुकाबले में उनका सामना पुराने प्रतिद्वंद्वी पश्चिम बंगाल से होगा। मुहम्मद रोशल पीपी की हैट्रिक ने केरल की टीम के शानदार प्रदर्शन को और भी बेहतर बना दिया, उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दिन के पहले सेमीफाइनल में, पश्चिम बंगाल ने गत विजेता सर्विसेज को 4-2 से हराकर 47वीं बार फाइनल में प्रवेश किया। पहले हाफ में केरल ने पहले हमला किया, उनके शानदार मिडफील्ड खेल ने 22वें मिनट में फायदा पहुंचाया। लगातार खेल को बदलने वाले कुछ पास के बाद, और मणिपुर के मिडफील्ड को आकार से बाहर खींचने के बाद, मोहम्मद रियास ने मोहम्मद अजसल की ओर गैप में एक थ्रू बॉल खेला। फॉरवर्ड ने गेंद को आगे जाने दिया, क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि उनके सहायक फॉरवर्ड नसीब रहमान आगे की ओर दौड़ेंगे। रहमान ने 25 गज की दूरी पर गेंद उठाई, बॉक्स में घुसे,



गोलकीपर को चकमा दिया और गोल कर केरल को 1-0 से आगे कर दिया। मणिपुर को टूनार्मेंट में पहले भी पिछड़ना पड़ा था और वापसी करना उनके लिए कोई नई बात नहीं थी। और ऐसा ही हुआ। 30वें मिनट में, शुंजंतन रागुई ने पेनल्टी को गोल में बदलकर मणिपुर को 1-1 की बराबरी दिला दी। खेल की उथल-पुथल भरी गति हाफ टाइम के अंतिम चरण में भी जारी रही। पहले हाफ के इंजरी टाइम में मुहम्मद अजसल ने बेहतरीन गोल कर केरल को 2-1 से आगे कर दिया।

**मध्यांतर तक केरल की टीम 2-1 से आगे रही।**

मैच के 73वें, 88वें मिनट में नए खिलाड़ी मोहम्मद रोशल ने लगातार दो गोल कर केरल को 4-1 से आगे कर दिया और मणिपुर सेमीफाइनल में हार के कगार पर पहुंच गया।

# मुम्बई सिटी की डिफेंस और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के हमलों के बीच होगा मुकाबला

एजेंसी

**मुम्बई :** मुम्बई सिटी एफसी (आइलैंडर्स) की टीम सोमवार को मुम्बई फुटबॉल एरिना में शाम को खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी (हाईलैंडर्स) की मेजबानी करेगी। मुम्बई 12 मैचों में पांच जीत, पांच ड्रा और दो हार से 20 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है, जबकि नॉर्थईस्ट यूनाइटेड 12 मैचों में पांच जीत, तीन ड्रा और चार हार से 18 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है। आइलैंडर्स अपने पिछले पांच मैचों में से तीन जीतने के बाद इस मुकाबले में उतरेंगे, जबकि हाईलैंडर्स ने इसी अवधि में दो मैच जीते हैं और दो हारे हैं। इस सीजन में हाईलैंडर्स ने 26 गोल किए हैं, जो मैरिनर्स के बराबर हैं और बेंगलुरू एफसी (27 गोल) से पीछे हैं। मुम्बई सिटी (15) ने



चौथा सबसे कम बार गोल किए हैं। आइलैंडर्स ने मजबूत डिफेंस दिखाते हुए पांच क्लीन शीट रखी हैं और अब तक 13 गोल खाए हैं, जबकि नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने दो क्लीन शीट के साथ 20 गोल खाए हैं। आइलैंडर्स ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड (19 जनवरी, 2023 को 4-0 और 12 मार्च, 2024 को 4-1) के खिलाफ अपने पिछले दो घरेलू मैचों में से चार-चार गोल किए हैं। आइलैंडर्स ने अपने पिछले चार आईएसएल मैचों में क्लीन शीट रखी है, जिनमें से तीन में जीती है। नॉर्थईस्ट अपने पिछले पांच अवे मैचों (दो जीत, दो ड्रा) में से केवल एक में हारी है। इस दौरान उन्होंने 12 गोल किए हैं। हाईलैंडर्स ने इस सीजन में मैचों के शुरूआती 15 मिनट में सबसे ज्यादा आठ गोल किए हैं। लेकिन कमजोर डिफेंस के कारण इस अवधि में चार गोल खाए भी हैं। आइलैंडर्स के चेक हेड कोच पीटर क्रेटकी ने कहा कि उनकी टीम को उन प्रक्रियाओं का लगातार पालन करने की जरूरत है जो वो करती आ रही है। उन्होंने कहा, ह्लहमें अच्छा खेलना होगा, मजबूत डिफेंडिंग करनी होगा। स्थानापन्न खिलाड़ियों को भी अच्छा खेलना होगा।

# मेलबर्न टेस्ट: जसप्रीत बुमराह ने लगाई रिकॉर्डों की झड़ी

## अनिल कुंबले, कपिल देव जैसे दिग्गजों को छोड़ा पीछे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच चल रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के दौरान कई रिकॉर्ड बनाते हुए अनिल कुंबले और कपिल देव जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। बुमराह दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया (सेना) की परिस्थितियों में एशिया के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया है। कुंबले के नाम 141 विकेट थे और 31 वर्षीय बुमराह के नाम अब 143 विकेट हैं, जिससे वह कुंबले से आगे निकलकर सेना परिस्थितियों में एशिया के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। वह अब केवल पाकिस्तान के वसीम अकरम से पीछे हैं, जिनके नाम इन परिस्थितियों में 146 विकेट हैं।बुमराह ने किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा विदेशी मैदान पर सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में कुंबले के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। कुंबले ने सिडनी



क्रिकेट ग्राउंड पर पाँच पारियों में 20 विकेट लिए थे, जबकि बुमराह के नाम अब एमसीजी पर सिर्फ. तीन मैचों में 15.26 की औसत से 24 विकेट हैं, जिसमें दो बार पाँच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। मौजूदा सीरीज में अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए बुमराह ने 13.24 की औसत से अपने कुल विकेटों की संख्या 30 तक पहुंचाई, जिसमें तीन बार पांच विकेट भी शामिल हैं। दूसरी पारी के दौरान बुमराह ने 2.33 की इकॉनमी रेट से 24.4 ओवर में 57 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने सैम कोन्स्टास, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी और नाथन लियोन को आउट किया। बुमराह ने मैच में अपना 200वां टेस्ट विकेट भी पूरा किया और यह उपलब्धि हासिल करने वाले सबसे तेज भारतीय खिलाड़ी बन गए। वह 20 से कम औसत के साथ 200 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए, उन्होंने गेंदबाजी औसत के मामले में वेस्टइंडीज के दिग्गज जोएल गार्नर, कर्टली एम्ब्रोस और फ्रेड ट्रूमैन को पीछे छोड़ दिया।

31 वर्षीय ने 8484 गेंदें फेंककर 200 टेस्ट विकेट लेने वाले सबसे तेज भारतीय बन कुल मिलाकर, वह वकार यूनिस, डेल स्टेन और कैगिसो रबाडा के बाद 200 टेस्ट विकेट लेने वाले चौथे सबसे तेज गेंदबाज बन गए। यूनिस ने सिर्फ 7725 गेंदों में 200 टेस्ट विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया है। स्टेन ने 7848 गेंदों में यह मुकाम हासिल किया, जबकि रबाडा ने 8153 गेंदों में यह मुकाम हासिल किया।

### बुमराह ने कपिल देव को छोड़ा पीछे

इसके अलावा बुमराह ने दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव को भी पीछे छोड़ दिया और ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। ऑस्ट्रेलिया में 21 मैचों में बुमराह ने 19.74 की औसत से 76 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/33 और चार बार पांच विकेट लेने का रहा है। इसके विपरीत, कपिल देव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 31 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 25.44 की औसत से 72 विकेट लिए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 5 जनवरी को गुमला में होगी ऐतिहासिक शौर्य सह साहसिक यात्रा, 4 को निकाली जाएगी बाइक रैली

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय में 5 जनवरी 2025 को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी के तत्वाधान में गुमला नगर में भव्य शौर्य सह साहसिक यात्रा का आयोजन होगो जिसमें गुमला जिले के 12 प्रखंड के संगठन के कार्यकर्ता शामिल होंगे जिसमें हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे। उक्त यात्रा में आकर्षण का मुख्य बिंदु कोरबा समाज के लोग होंगे जो अपनी जीवन पद्धति और संस्कृति का परिचय देंगे साथ ही साथ अपनी परम्परागत वेशभूषा और पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र तीर धनुष के साथ उक्त यात्रा में उपस्थित रहेंगे उसके साथ ही साथ 4 जनवरी 2024 को 3:00 बजे विश्व हिंदू परिसर से बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा बाइक रैली भी निकाली जाएगी। जिसका शुभारंभ लोहरदगा रोड सोसो मोड़ स्थित मां दुधेश्वरी स्वयं शंभू धाम मंदिर परिसर से होगा और बाइक रैली पूरे नगर भ्रमण कर जशपुर रोड बड़ाइक मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में समाप्त होगी। समाप्ति के पश्चात मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ भी किया जाएगो तत्पश्चात 5 जनवरी सुबह 10:00 बजे यात्रा का शुभारंभ लिप्टस बगीचा लक्ष्मण नगर से पंक्तिबद्ध तरीके से यात्रा निकाली जाएगी। जो जशपुर रोड महावीर चौक से मेन रोड शहीद चौक से पालकोट रोड घाटों बगीचा से सिसई रोड शहीद चौक से थाना चौक लोहरदगा रोड होते हुए हनुमान मंदिर बस डिपो दुन्दरिया में समाप्त होगी यात्रा समाप्ति के बाद मंच स्तरीय कार्यक्रम होगा। साथ ही महाभंडरा का भी आयोजन होगो विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय सिंह और बजरंग दल विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष संगठन की ओर से शौर्य सह साहसिक यात्रा का आयोजन किया जाता है?, जिसमें हजारों की संख्या में गुमला जिले के प्रत्येक प्रखंडों से कार्यकर्ता उपस्थित होते हैं इस कार्यक्रम के भव्य आयोजन को लेकर पूरे गुमला जिले भर में तैयारी चल रही है साथ ही पूरे गुमला को भव्य तरीके से सजाया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को सम्मानित भी किया जाएगो यात्रा की तैयारी को लेकर गुमला क्षेत्र के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र पर हर टोले मोहल्ले और गांव में बैठक की जा रही है।शौर्य सह साहसिक यात्रा के कार्यक्रम संयोजक संतोष यादव ने बताया कि सभी कार्यकर्ता पूर्ण मेहनत के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं यह कार्यक्रम एक एतिहासिक कार्यक्रम होगा।

### ट्रैक्टर चालक सड़क पर घायल अवस्था में मिला, अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत

चान्हो। बीजुपाड़ा-बरहे रोड पर आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल के पास रविवार शाम एक गंभीर दुर्घटना सामने आई, जिसमें सड़क पर घायल अवस्था में मिले 22 वर्षीय युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मृतक की पहचान मांडर के कैम्बो गांव निवासी ट्रैक्टर चालक बबलू उरांव (पिताः सोमरा उरांव) के रूप में हुई है।

घटना शाम करीब सात बजे की बताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जब वे उस रास्ते से गुजर रहे थे, तो उन्होंने बबलू उरांव को सड़क पर गंभीर रूप से घायल पड़ा पाया। पास में ही उसका ट्रैक्टर खड़ा था। तुरंत स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, ग्रामीणों ने एक वाहन की व्यवस्था की और उसे मांडर रेफरल अस्पताल लेकर गए। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बबलू उरांव को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार, मृतक के गले और पैर पर गहरे जख्म पाए गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### संथाली ओलचिकी अकादमी का गठन करे सरकार : शंकर सोरेन

**जमशेदपुर :** संथाली ओलचिकी भाषा को बढ़ावा देने को लेकर असेका की ओर से तीन दिवसीय संथाली ओलचिकी बोर्ड परीक्षा का समापन रविवार को हुआ. अंतिम दिन गणित, हिन्दी व इंग्लिश की परीक्षा हुई. नरवा पहाड़ यूसिल कॉलोनी सीटीसी में आयोजित इस परीक्षा में प्राइमरी, मिडिल व मैट्रिक समेत इंटरमीडिएट स्तर विद्यार्थी शामिल हुए. इस मौके पर असेका के महासचिव शंकर सोरेन ने झारखंड सरकार से संथाली ओलचिकी अकादमी का गठन जल्द करने की मांग की. ताकि केजी से लेकर पीजी तक संथाली ओलचिकी की पढ़ाई चालू हो सके. इससे संथाली ओलचिकी शिक्षकों की बहाली का मार्ग भी प्रशस्त होगा.

तीन दिनों तक चली परीक्षा में पोटका, गालूडीह, राजनगर व नरवा पहाड़ से 55 महिला व पुरुष परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया. जबकि पूरे राज्य से करीब 700 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए. आयोजन को सफल बनाने में असेका के महासचिव शंकर सोरेन, आसड़ा स्कूल के प्राचार्य दुर्गा प्रसाद मुर्मू, लोबो मुर्मू, सुराई मुर्मू, वीरेन टुडू, दिलीप मुर्मू, सुनीता हेंब्रम आदि का अहम योगदान रहा.

### कृषक मित्रों का मानदेय चालू करे सरकार : आनंद दास

**जमशेदपुर:** पोटका प्रखंड के कृषक मित्रों ने रविवार को गुर्रा नदी किनारे स्थित दबांकी आश्रम में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर पिछले 15 सालों से बिना मानदेय के काम लिए जाने पर कृषक मित्रों ने विरोध जताया और राज्य सरकार से उनकी मांगों पर विचार करने का आग्रह किया. पूर्वी सिंहभूम जिला कृषक महासंघ के अध्यक्ष आनंद दास ने कहा कि पोटका प्रखंड के 50 से अधिक किसान वर्ष 2009 से कृषक मित्र के रूप में सेवा दे रहे हैं. उन्हें मानदेय के बदले प्रोत्साहन राशि में महज 1000 रुपए दिए जाते हैं. वह भी नियमित नहीं मिलता.

आनंद दास ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर सरकार ने विचार नहीं किया, तो वे लोग मंत्री नेहा तिर्की से मुलाकात कर अपनी मांगों को रखेंगे. उन्होंने राज्य सरकार से सरकारी कर्मियों की तरह उन्हें भी मानदेय का भुगतान करने, आत्मा से हटाकर सरकारी कर्मचारी घोषित करते हुए चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी का दर्जा देने व मोबाइल मुहैया कराने की मांग की. वनभोज सह मिलन समारोह में विश्वजीत गोप, संदीप कुमार पंडबंधा, शाको मार्डी, मनिंदर गोप, श्याम सुंदर गोप, अरुण कुमार साव, नंदलाल हेंब्रम, लक्ष्मी सरदार, प्रशांत मंडल, शीतला सरदार, बसंती सरदार, दुलाल सेन आदि शामिल थे.

### घर का ताला तोड़ नकदी व जेवरात ले गए चोर

**जमशेदपुर :** बहरागोड़ा प्रखंड के केसरदा मोहुली गांव में शनिवार की रात चोरों ने रूपक साहू के घर का ताला तोड़कर 72 हजार रुपए नकद व जेवरात की चोरी कर ली. गृहस्वामी रूपक साहू इस संबंध में बहरागोड़ा थाना में मामला दर्ज कराया है. रूपक साहू ने बताया कि शनिवार की रात वह पिकनिक मनाने के लिए दीघा निकल गया था.घर के बाकी सदस्य दूसरे कमरे में सोए हुए थे. इसी दौरान चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे ओर अलमीरा में रखे नकद 72 हजार रुपए, सोने के जेवर, लैपटाप, मोबाइल फोन सहित अन्य कीमती सामन लेकर चलते बने. रूपक साहू को रविवार की सुबह घटना की जानकारी हुई. उन्होंने बहरागोड़ा थाने में इसकी सूचना दी है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

# उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने पश्चिम सिंहभूम चाईबासा को दी है व्यापक रूप से विकास गति

ज्योति पाठक

पश्चिम सिंहभूम चाईबासा के लोकप्रिय, कर्मठ और विकास कार्यों को भरपुर गति देने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने वाले पश्चिम सिंहभूम चाईबासा के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने जिला में योगदान देने के पश्चात से ग्रामीण सुदूर क्षेत्र एवं अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्वयं उपस्थित होकर जन समस्याओं की जानकारी लेने के साथ-साथ रात्रि बेला में चैपाल लगाकर सीधा संवाद के साथ-साथ जनससमस्याओं को भी जाना और उसके निस्पादन हेतु निरंतर सार्थक पहल और प्रयास भी कारगर रही। भीषण कड़ाके की ठंड के दौरान अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जिला प्रशासन की निरंतर उपस्थिति यह बताने के लिए काफी है कि पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर प्रयत्नशील हैं। निरंतर कई दिनों तक ग्रामीण सुदूर क्षेत्रों में



उपायुक्त ने यह भी लोगों को संदेश दिया कि जिला प्रशासन ग्रामीणों की पीड़ा और व्यथा जानने के साथ-साथ उसे दुर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। लोग अपनी बात और समस्या लेकर सीधे उनसे मिलकर अपनी व्यथा बता सकते हैं। उपायुक्त के इस सार्थक पहल का परिणाम भी काफी सुखद रहा क्योंकि उन्होंने निरंतर कई दिनों तक ग्रामीणों के बीच उपस्थित रहकर खेलकूद का आयोजन खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और पारितोषिक वितरण भी किया जिससे खिलाड़ियों का मनोबल और उत्साह भी काफी बढ़ा। गौरतलब हो कि भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के आईएएस अधिकारी कुलदीप चौधरी इससे पूर्व बोकारो जिला में उपायुक्त के रूप में पदस्थापित रहे हैं। इस जिला में भी उन्होंने व्यापक रूप से विकास कार्यों को भरपुर गति दी और इस जिला को विकास के मामले में बेहतर बनाया। यही नहीं लोकसभा और विधानसभा चुनाव में उपायुक्त के द्वारा बेहतर शांति व्यवस्था के साथ चुनाव कार्य काफी सराहे गयें और मुख्य चुनाव आयुक्त के. रवि कुमार ने भी इनके बेहतर चुनाव कार्यों को काफी सराहा।

### धनबाद में आगजनी, दो पक्षों में जमीन विवाद के बाद लगा दी झोपड़ी में आग

धनबादः जिले के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के नया बाजार में जमीन विवाद में झोपड़ी में आग लगा दी गई है. देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गई. जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी.सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग का दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और कर्मियों ने आग पर काबू पाया.

बताते चलें कि दो पक्षों में जमीन विवाद को लेकर बात इतनी बढ़ गई कि इस विवाद में झोपड़ी में आग लगा दी गई. घटना के बाद वहां पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया. लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय थाना को दी.

शहर के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के नया बाजार में जमीन बंटवारे को लेकर के काफी दिनों से माहौल गर्म था. जिसके बाद यह आगजनी की घटना हुई. दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं. शगूफ अहमद का कहना है कि उनके हिस्से की जमीन थी.जिस पर एक झोपड़ी बनी हुई थी. उन्होंने अपने गोतिया पर झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाया है. मामले में उन्होंने कार्रवाई के लिए बैंक मोड़ थाना में लिखित शिकायत की है. इधर, दूसरे पक्ष से शगूफ अहमद की भतीजी का कहना है कि हम लोगों को उनके बंटवारे की जमीन से कोई लेना-देना नहीं है.

वहीं इस संबंध में बैंक मोड़ थाना प्रभारी का लव कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है. उन्होंने कहा कि जमीन विवाद एक अलग मामला है, लेकिन किसी के आशियाने को आग के हवाले कर देना कहीं से सही नहीं है.

### आदिवासी उत्थान कल्याण समिति कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड क्षेत्र के नौडीहा , अनुज भवन में आदिवासी उत्थान कल्याण समिति कार्यालय का उद्घाटन किया गया । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी तरुण कुमार ने फीता काटकर आदिवासी उत्थान कल्याण समिति कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया । इससे पूर्व समिति के सदस्यों के द्वारा आदिवासी रीति रिवाज के तहत मुख्य अतिथि थाना प्रभारी का स्वागत किया गया । तत्पश्चात मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । संस्था के कानूनी सलाहकार धनेश्वर उरांव ने कहा कि इस संस्था के द्वारा आदिवासियों के समग्र विकास एवं कल्याण हेतु काम किया जाएगा । साथ ही उन्होंने कहा कि यह संस्था अपनी कला संस्कृति का प्रचार प्रसार एवं विकास हेतु प्रयास करेगी । बाल विवाह को रोकने तथा शादी विवाह में नशा पान एवं डीजे पर पूर्ण नियंत्रण एवं प्रतिबंध करने का प्रयास करेगी । मौके पर मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष जोगेंद्र भगत, सचिव भिनेशर भगत, उपाध्यक्ष बलिराम लकड़ा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण उरांव, संगठन सचिव रामेश्वर उरांव, समिति के सदस्य विरसमणी देवी तारामणि देवी सहित महिला पुरुष उपस्थित थे ।

# गिरीराज सेना वर्ष के अंतिम दिन एवं नव वर्ष के पूर्व व्यापक रूप से लिट्टी-चोखा का किया है आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

अपने बेहतर सामाजिक कार्यों एवं उत्कृष्ठ जनसहभागिता के फलस्वरूप लोकप्रिय संस्था गिरीराज सेना प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी पंडित हाता शिव मंदिर के समीप व्यापक रूप से लिट्टी-चोखा का आयोजन किया है। उक्त आशय की जानकारी गिरीराज सेना के प्रमुख उमा शंकर गिरी ने दिया। श्री गिरी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से आपसी भाईचारा, अपनत्व एवं स्नेह बढ़ता है और लोग एक-दुसरे के कुशल क्षेम जानने के साथ-साथ पुराने वर्ष की विदाई और नये वर्ष के आगमन पर इकट्ठा होते हैं और गिरीराज सेना का भी मुख्य उद्देश्य सामाजिक तौर पर लोगों की सहभागिता तथा एकजुटता को







लिट्टी-चोखा कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जोड़ना है। श्री गिरी ने कहा कि गिरीराज सेना के तत्वाधान में विगत कई वर्षों से पंडित हाता स्थित शिव मंदिर के निकट व्यापक रूप से कार्यक्रम का आयोजन होता आ रहा है और लोगों की उपस्थिति भी काफी प्रेरणास्त्रोत है।

# राज्य के बाल आयोग के सदस्य ने किया जिला का निरीक्षण



मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, झारखण्ड सरकार के सदस्यगण रूचि कुजूर, विकास दोदराजका और मिनहाजुल हक ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके संरक्षण हेतु गुमला जिला का निरिक्षण, भ्रमण और संबंधित विभाग के साथ बैठक किया। आयोग के सदस्यगणों के गुमला जिला में पहुंचते ही सर्वप्रथम परिसद के सभागार में उच्च स्तरीय बैठक किया जिसमे उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान, पुलिस उपअधीक्षक सुरेश प्र यादव,श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज,स्वास्थ्य बिभाग के डॉ नागभूषण प्रसाद,अमर कुमार जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, अध्यक्ष जिला बाल कल्याण समिति कृपा खेस, सदस्य फूलमानी एक्का, जया कुमारी, नेमानती तिग्गा, धनंजय मिश्रा,जे एस एल पी एस जिला कार्यक्रम पदा.शैलेन्द्र जरीका, जे जे बी सदस्य तगरेन पन्ना तिर्की, सुषमा देवी,जिला बाल संरक्षण इकाई के मनीर भुट्टो, रवि प्रकाश,शम्भू सिंह इत्यादि ने भाग लिया।बैठक में बच्चों से सम्बंधित बिभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा हुई उपस्थित पदाधिकारी को क्रमवार समीक्षा किया गया, पुलिस उपअधीक्षक ने बच्चों के यौन उत्पीड़न मामलों का व्योरा प्रस्तुत किया, आयोग ने अविलम्ब अविलंब लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। कहा की बच्चों के यौन शोषण से संबंधित मामलों में त्वरित संज्ञान लेकर नियमानुसार कार्यवाही करनी है, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी और जिला बाल कल्याण समिति से समन्वय स्थापित कर बालिकाओं का बरामदगी करें। जे एस एल पी एस से समन्वयन कर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंद को मदद करें। आयोग ने निर्देश दिया कि निजी विद्यालय के सभी गैर शिक्षण कर्मियों का चरित्र सत्यपित किया जाय। जिला में पोक्सो कानून का प्रचार प्रसार किया जाय, प्रखंड विकास पदाधिकारी आंगनबाड़ी केंद्र, सेविका सहायिका, सहिया दीदी को सरकार के योजनाओ का प्रशिक्षण दिया जाय। बैठक के बाद आयोग के सदस्य ने बैठक के तुरंत बाद सदर अस्पताल का निरिक्षण किया विशेष कर चिल्ड्रेन वार्ड का और समस्याओ का तुरंत निष्पादन हेतु सिविल सर्जन को निर्देशित किया।

### नावा जयपुर थाना में शांति समिति की बैठक

पलामूः नए साल को लेकर रविवार को नावा जयपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय ने की. बैठक में नए साल को लेकर थाना प्रभारी ने कई दिशा निर्देश दिए. थाना प्रभारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि नए साल में लोग अक्सर दुर्घटना के शिकार होते हैं. इसके बचाव को लेकर नए साल के दिन पुलिस प्रशासन के द्वारा विशेष अभियान चलाकर सड़क दुर्घटना को रोकने का प्रयास किया जा रहा है. साथ ही पिकनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार की हुड़दंग ना हो इसकी भी तैयारी पुलिस प्रशासन द्वारा की गई है. लोगों से अपील करते हुए कमल ने कहा कि नए साल के दिन आप सभी लोग भाईचारा एवं शांति व्यवस्था को बनाए रखें. 31 दिसंबर एवं 1 जनवरी के दिन कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में बाइक चलाते हुए पकड़ा जाता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. इस मौके पर नावाजपुर थाना के एएसआई खेतू राम मुंडा, एएसआई सुखदेव राम, नावा खास के मुखिया मनोज कुमार, डीलर नवल राम, महुलिया मुखिया प्रतिनिधि रोहित रजक, रुदिडीह पंचायत के पूर्व मुखिया मुहाफिज अंसारी, वीरेंद्र राम जगदीश पांडे, विनोद पांडे, हाजी साहब, रामलाल यादव, अजीत वर्मा एवं कई ग्रामीण मौजूद थे.

### बंदगांव थाना में चला सघन अभियान



**ज्योति पाठक :** अफीम की खेती को रोकने को लेकर मेरोमगुद्दू एवं सिंदूरीबेड़ा में पुलिस ने ग्रामीणों को किया जागरूक बंदगांव थाना क्षेत्र के मेरोमगुद्दू एवं सिंदूरीबेड़ा पंचायत में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस ने अफीम की खेती को रोकने को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया. इस दौरान बंदगांव थाना प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने ग्रामीणों को अफीम से होने वाले नुकसान के बारे में बताया. इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को अफीम खेती के बदले अन्य खेती से होने वाले फायदे के बारे बताया. इसके साथ ही ग्रामीणों से क्षेत्र की समस्या से भी अवगत हुई.उन्होंने कहा ग्रामीण कोई भी गलत कार्य ना करें.उन्होंने कहा अफीम की खेती गैरकानूनी है.उसकी खेती करने पर उस पर कानूनी करवाई होगी.इस दौरान सड़क सुरक्षा के विषय मे भी जानकारी दी गई.इस अवसर पर स्थानीय मुंडा के अलावे स्थानीय महिला पुरुष ग्रामीण एवं पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### युवक का प्रोफाइल और फोटो से फेसबुक आईडी बना कर दोस्त से 3 हजार रुपए की ठगी

गुमला : गुमला जिला अंतर्गत स्थित जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिगरा दर्पण टोली निवासी युवक प्रताप एक्का ने रविवार को 1 बजे बताया कि पिछले कुछ दिनों से एक व्यक्ति के द्वारा मेरे नाम का प्रोफाइल बनाकर और मेरा फोटो लगाकर फेसबुक आईडी चला रहा है। साथ ही मेरे फेसबुक के मित्रों को दोस्त बनाकर मैसेज के जरिए पैसा मांग कर ठगी कर रहा है। मेरे एक नजदीक के दोस्त रोशन मिंज से बीमारी का बहाना बनाकर 3 हजार का ठगी कर लिया है। उस व्यक्ति का यूपीआई आईडी में इकबाल नाम दिख रहा है और मोबाइल नंबर 7988012723 है। उक्त युवक ने मुझे यह भी बताया कि मेरे कई दोस्तों को वह मैसेज भेज भेजकर और तरह तरह के बहाने बनाकर पैसों की मांग कर रहा है।

# चंद्रपुरा के जविप्र दुकान का डीएसओ ने किया औचक निरिक्षण, खाद्यान्न कालाबाजारी का मामला उजागर

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** बार - बार राशन कार्डधारियों से प्राप्त शिकायत पर संज्ञान लेते हुए रविवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) शालिनी खालखो ने चंद्रपुरा प्रखंड के घटियारी पंचायत के पिपराडीह स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान (जविप्र) लाइसेंस संख्या 39/84 का औचक निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ एवं सीओ चंद्रपुरा समेत प्रखंड प्रमुख उपस्थित थे। निरीक्षण क्रम में जविप्र डीलर मो. शमीम अहमद द्वारा आवंटन माह का मात्र 302 राशनकार्ड धारियों को ही खाद्यान्न वितरण किया गया था। जबकि, 188 कार्डधारियों का खाद्यान वितरण नहीं किया गया था। बावजूद जविप्र दुकान में मात्र 75 किलो चावल एवं 65 किलो गेंहू ही उपलब्ध था। खाद्यान्न कहां है, इसका जवाब जविप्र डीलर के पुत्र देने में असमर्थ थे। उन्होंने बताया कि दुकान के अलावा अन्यत्र कहीं खाद्यान्न नहीं है। जबकि, तीन घंटे तक चले कार्रवाई में एक बार भी डीलर मो. शमीम अहमद दुकान पर उपस्थित नहीं हुएं। वहीं, कार्डधारियों को निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न वितरण का भी मामला उजागर हुआ। जांच क्रम में टीम ने 36 कार्डधारियों के खाद्यान्न उठाव का जांच किया। जिसमें 09 कार्डधारी ऐसे मिलें, जिन्हें खाद्यान्न वितरण निर्धारित मात्रा से कम किया गया था। जिला आपूर्ति पदाधिकारी



(डीएसओ)ने राशन वितरण में कालाबाजारी को लेकर डिलर की लाइसेंस को अगले आदेश तक के लिए निलंबित करने की कार्रवाई शुरू की है। जांच में मामला प्रकाश में आया कि 15 दिसंबर को खाद्यान्न जविप्र डीलर को उपलब्ध कराया गया है। 20 दिसंबर को डीलर द्वारा प्राप्त किया गया है एवं 23 दिसंबर से वितरण शुरू किया गया है। इस प्रक्रिया में डीलर द्वारा बेवजह विलंब किया गया है, जो गंभीर मामला बनता है। वहीं, दिसंबर माह में हुए आवंटन के विरूद्ध 1190 किलो चावल एवं 745 किलो गेहूं एवं नवंबर माह में आवंटित खाद्यान्न के विरुद्ध 984 किलो चावल एवं 658 किलो गेहूं दुकान में उपलब्ध नहीं मिला। कुल 3,577 किलो खाद्यान्न कालाबाजारी का मामला है। डीएसओ ने मामले में जविप्र डीलर मो. शमीम अहमद के विरूद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए लाइसेंस रद्द करने एवं दूसरे जविप्र से टैग करने का अनुशंसा सीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को करने का निर्देश दिया है। उधर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय समीप प्रखंड स्तरीय गोदाम का भी निरीक्षण किया । उन्होंने खाद्यान्न उठाओं करने वाले वाहनों में लगे जीपीएस की जांच की स्टॉक पंजी का मिलान किया।